● जयपुर, सोमवार 18 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 90 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 अब हरे पर्द की आड़ में जेडीए जोन 5 में हाई टेंशन लाइन के नीचे बिना सेट...
पेज @4 बालक वर्ग में श्रीगंगानगर व बालिका वर्ग में जयपुर चैंपियन...
पेज @8 आईपीएस किशन सहाय को बीना कारण पुछे ही निलंबन करने वाले अधिकारी...

**न्यूज़ अपडेट**

## महाराष्ट्र में अमित शाह की सभी रैलियां रद्द, अचानक नागपुर से दिल्ली लौटे


**नई दिल्ली/एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का प्रचार आखिरी दौर में है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि महाराष्ट्र चुनाव के बीच आज अचानक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा रद्द कर दिया गया। अमित शाह आज महाराष्ट्र में चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अचानक से उनकी चा-रों सभाओं को कैंसिल कर दिया गया। सभी सभाओं को रद्द करके अमित शाह आज दिल्ली रवाना हो गए। भारतीय जनता पार्टी के विदर्भ संगठन मंत्री ने इस बारे में जानकारी दी है।
दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव के बीच अमित शाह लगातार अलग-अलग जिलों में जाकर रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। इसी क्रम में आज अमित शाह महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। अमित शाह नागपुर के काटोल और सावनेर सहित गडचिरोली और वर्धा जिले में चार सभाओं में शामिल होने वाले थे। हालांकि अचानक अमित शाह ने यह दौरा रद्द कर दिया और दिल्ली रवाना हो गए। भारतीय जनता पार्टी के विदर्भ संगठन मंत्री ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रशासकीय कार्यों की वजह से अमित शाह अपना दौरा रद्द करके दिल्ली गए हैं।

## एम्बुलेंस का रास्ता रोकना पड़ा महंगा, 2.5 लाख का लगा जुर्माना, ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द

**तिरुवनंतपुरम/एजेंसी।** केरल पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस को रास्ता नहीं देने वाले कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है और उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया है। यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों द्वारा पुलिस की इस कार्रवाई की खूब तारीफ की जा रही है। यह घटना केरल के अल्लापुझा जिले में हुई थी। एक कार चालक ने सायरन बजाती हुई एंबुलेंस को रास्ता देने से इनकार कर दिया था। एंबुलेंस में कोई मरीज था जिसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। कार चालक के इस हरकत से एंबुलेंस को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार मालिक के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया।
सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की खूब तारीफ की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से लोग एंबुलेंस को रास्ता देना सीखेंगे। एक यूजर ने लिखा, केरल में एक कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और एम्बुलेंस को रास्ता न देने के कारण उसका लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

### भारत ने डिफेंस सेक्टर में फिर दिखाया दम

# हाइपरसोनिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत ने डिफेंस सेक्टर में अपना दम दिखाया है। भारत ने पहली बार लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल है। यह परीक्षण ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह जानकारी दी। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को ऐसे चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य तकनीकों की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

### 1500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया। डीआरडीओ की तरफ से टेस्ट की गई हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी. उन्होंने कहा, भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने हमारे देश को उन देशों के साथ खड़ा कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य टेक्नोलॉजी है।

### मिसाइल को क्यों किया गया है डिजाइन

» रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया है। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किमी से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# नाइजीरिया पहुंचे पीएम मोदी

## ऐतिहासिक यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए राष्ट्रपति टीनुबू को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार नाइजीरिया पहुंचे। यह यात्रा उनके तीन देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसमें वे ब्राजील और गुयाना भी जाएंगे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने अबुजा एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा को भारत और नाइजीरिया के रिश्तों को मजबूत करने के लिए खास माना जा रहा है।
प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति टीनुबू का धन्यवाद करते हुए लिखा, थोड़ी देर पहले नाइजीरिया पहुंचा। इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभारी हूं। उम्मीद है कि यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती को और गहरा करेगी।
पीएम मोदी पिछले 17 वर्षों में नाइजीरिया जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।
राष्ट्रपति टीनुबू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे देश नाइजीरिया में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। 2007 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा है। हमारी चर्चा दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने और मुख्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर होगी। पीएम मोदी, आपका स्वागत है।
प्रधानमंत्री मोदी को नाइजीरिया के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर बुलाया गया है। अबुजा में फेडरल कैपिटल टेरिटरी के मंत्री नायेसम इज़ेनवो विके ने उनका स्वागत किया और अबुजा की चाबी भेंट की, जो नाइजीरियाई जनता के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।



पीएम मोदी ने भी अपने आगमन की तस्वीरें साझा की और भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय मित्रता को गहरा करने की आशा व्यक्त की।
तीन देशों की इस यात्रा में पीएम मोदी पहले नाइजीरिया (16 से 21 नवंबर), फिर ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, और अंत में गुयाना का दौरा करेंगे। गुयाना की यह यात्रा पिछले 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली राजकीय यात्रा होगी।
इससे पहले पीएम मोदी ने कहा, नाइजीरिया के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर यह मेरी पहली यात्रा है। मेरी यात्रा हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित है। मैं वहां भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने हिंदी में मेरे स्वागत के संदेश भेजे हैं।
इसके अलावा पीएम मोदी ने नाइजीरिया में मराठी समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नाइजीरिया में, मराठी समुदाय ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर खुशी व्यक्त की है। यह सचमुच सराहनीय है कि वे किस प्रकार अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहते हैं।

## मणिपुर में फिर बिगड़े हालात, राज्य सरकार ने केंद्र से कहा- 'हटा दें अफ्सपा




**इंफाल/एजेंसी।**

मणिपुर सरकार ने केंद्र से राज्य के छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से एएफएसपीए की समीक्षा करने और उसे हटाने का अनुरोध किया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि केंद्र ने हिंसा प्रभावित जिरीबाम सहित मणिपुर के छह पुलिस थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को फिर से लागू कर दिया है।
बता दें कि मणिपुर के मौजूदा हालात को देखते हुए इम्फाल पश्चिम और इम्फाल पूर्व में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य में छह लोगों की हत्या के खिलाफ घाटी के जिलों में ताजा विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है, जिनके शव जिरीबाम में कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद बरामद किए गए थे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने दो मंत्रियों और तीन विधायकों के आवासों पर भी धावा बोला।

● **गृह सचिव ने केंद्र को लिखा पत्र**

केंद्र को संयुक्त सचिव (गृह) के एक पत्र में उल्लेख किया गया है कि राज्य मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को हुई अपनी बैठक में इस (अफ्सपा को फिर से लागू करने) पर विचार-विमर्श किया है और केंद्र सरकार को इसकी समीक्षा करने और इसे वापस लेने की सिफारिश करने का निर्णय लिया है। राज्य के छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को एएफएसपीए 1958 की धारा 3 के तहत अशांत क्षेत्र घोषित करने की बात कही गई है। इसमें कहा गया, अनुरोध है कि जनहित में 14-11-2024 की अधिसूचना की समीक्षा करें और इसे वापस लें।

## मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया गहलोत का इस्तीफा, आप ने बताया ईडी का दबाव




**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। कैलाश गहलोत ने रविवार सुबह मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा दे दिया था, उन्होंने अपना यह इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेजा था। दिल्ली सरकार में मंत्री रहे कैलाश गहलोत द्वारा आम आदमी पार्टी छोड़ जाने पर पार्टी ने कहा कि पिछले कई महीनों से उन पर दबाव था। आम आदमी पार्टी ने कहा कि कैलाश गहलोत को कई बार ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उन पर ईडी की रेड हुई, उनके पास कोई रास्ता नहीं था और उन्हें भारतीय जनता पार्टी में ही जाना था।
आम आदमी पार्टी ने कहा कि इससे एक बात स्पष्ट हो गई है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली का चुनाव हार चुकी है। आज उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा। भाजपा के पास ऐसा कोई काम नहीं है, जो वे जनता को बता सकें। वे दिल्ली के अंदर ईडी और सीबीआई के माध्यम से व इनकम टैक्स के माध्यम से चुनाव लड़ रहे हैं और हम लोग दिल्ली के काम करने वाली राजनीति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। कैलाश गहलोत ने केजरीवाल द्वारा उपयोग में लिए गए मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल कहा है। गहलोत ने दिल्ली सरकार के कामकाज पर भी प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने संदेह जताया कि दिल्ली सरकार के इस रवैए से दिल्ली का विकास नहीं हो सकेगा। वहीं अरविंद केजरीवाल ने कैलाश गहलोत द्वारा उन पर किए गए जुबानी हमले और इस्तीफे पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की।

### भोलेनाथ के भक्तों के लिए बड़ी खबर

# बद्रीनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए आज होंगे बंद

**बद्रीनाथ/एजेंसी।**

पवित्र बद्रीनाथ मंदिर के कपाट रविवार रात 9.07 बजे शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके लिए विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ कपाट बंद करने की प्रक्रिया हुई शुरू हो गई है। शनिवार को 10,000 से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। इस दौरान कई प्रमुख अनुष्ठान हुए और सत्र के समापन के लिए सैकड़ों किलो प्रसाद तैयार किया गया।
15 नवंबर को मंदिर के कपाट बंद करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन, वैदिक मंत्रोच्चारण (वेद ऋचाओं) को विराम दिया गया। यह कदम मंदिर के शीतकालीन चरण में प्रवेश का संकेत था। इसके बाद



वेद उपनिषदों को मंदिर के रावल (प्रधान पुजारी) और धर्माधिकारी को औपचारिक रूप से सौंपा गया। मंदिर बंद करने की एक सप्ताह लंबी प्रक्रिया 13 नवंबर से शुरू हुई, जब श्री गणेश मंदिर के कपाट बंद किए गए। इसके बाद आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद हुए।
यह प्रक्रियाएं पंच पूजा का हिस्सा होती हैं, जिसमें पूरे मंदिर परिसर को लंबे शीतकाल के लिए तैयार किया जाता है। शुक्रवार को पंच पूजा के तहत महत्वपूर्ण 'खताग पूजा' पूरी हुई। इसके बाद माता लक्ष्मी के मंदिर में कढ़ाई भोग का प्रसाद चढ़ाकर भगवान बद्रीनाथ के गर्भगृह में सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की गई। उत्तराखंड के चारधाम गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ सभी शीतकाल के लिए बंद हो रहे हैं। यह 2024 की तीर्थयात्रा का समापन है। गंगोत्री मां गंगा को समर्पित है, सबसे पहले 2 नवंबर को बंद हुआ। इसके बाद यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट 3 नवंबर को भाई दूज के दिन बंद किए गए।
अन्य प्रमुख मंदिर के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं। रुद्रनाथ 17 अक्टूबर को और तुंगनाथ 4 नवंबर को बंद किया गया और मध्यमहेश्वर 20 नवंबर को बंद होगा। केदारनाथ के रक्षक देवता भकुंटा भैरवनाथ के कपाट 29 अक्टूबर को बंद कर दिए गए। यह बंद होने की प्रक्रिया दशहरा के आसपास होती है और शीतकाल के दौरान मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। यह मंदिर अगले साल अप्रैल या मई में खुलेंगे और 2025 की तीर्थयात्रा के लिए तैयार होंगे।

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया

किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएँ पैदा की हैं, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71% किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएँ या टिप्पणियां और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं।

सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कईयों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए, यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा? 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका संकेत मिलता है। लगभग 1, 300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35% किशोर दिन में कई बार से ज़्यादा पाँच सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं। पाँच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं: यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीज़ों पर निर्भर करता है।

यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62% किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है। विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है। लिंक्डइन और फ़ेसबुक युवाओं के लिए डिजिटल कौशल पर कार्यशालाएँ प्रदान करते हैं। हाशिए के समूहों के लिए समर्थन और समझ पाने के लिए सुरक्षित स्थान बनाता है हल्ड (2022) ने सीमित सोशल मीडिया एक्सपोजर वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों में 20% की कमी की रिपोर्ट की है। अनुचित या खतरनाक सामग्री के संपर्क को सीमित करता है, जिससे नकारात्मक प्रभावों के जोखिम कम होते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग साइबर बुलिंग के जोखिम को 30% तक बढ़ाता है। युवा उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने वाले शिकारी व्यवहार और शोषण के जोखिमों को कम करने में मदद करता है। नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की 2023 की रिपोर्ट में युवाओं से जुड़े ऑनलाइन शोषण के मामलों में 15% की वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। अत्यधिक स्क्रीन समय को नियंत्रित करता है, बेहतर स्वास्थ्य और ऑफ़लाइन जुड़ाव का समर्थन करता है। डिजिटल मीडिया पर दक्षिण कोरिया के नियम (2021) नाबालिगों में स्क्रीन की लत को सीमित करते हैं।

आयु सत्यापन प्रणाली जैसे आयु प्रतिबंधों के अनपेक्षित परिणाम अक्सर दरकिनार कर दिए जाते हैं, जिससे प्रतिबंधों को लागू करना मुश्किल हो जाता है। यू.के. के अध्ययन (2022) से पता चलता है कि 30% किशोर न्यूनतम प्रयास से आयु जाँच को दरकिनार कर देते हैं। आयु प्रतिबंध डिजिटल शिक्षा को सीमित कर सकते हैं, जिससे युवा ज़िम्मेदार ऑनलाइन बातचीत के लिए तैयार नहीं हो पाते। पहुँच को प्रतिबंधित करने से किशोर अलग-थलग पड़ सकते हैं, जिससे वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक संवादों में शामिल नहीं हो पाते। यूनिसेफ (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया समावेशिता में मदद करता है, खासकर हाशिए पर पड़े समूहों के लिए। प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर प्रतिबंध युवाओं को कम विनियमित, संभावित रूप से अधिक हानिकारक साइटों की ओर धकेल सकते हैं। प्रतिबंध वाले देशों में, किशोर कम सुरक्षा नियंत्रण वाले आला प्लेटफ़ॉर्म की ओर मुड़ गए हैं, जिससे जोखिम बढ़ गया है। डिजिटल साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा दें युवाओं को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों में व्यापक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करें।

फ़िनलैंड का मीडिया साक्षरता सप्ताह छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और आलोचनात्मक सोच में प्रशिक्षित करता है। माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग की निगरानी और मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए संसाधन प्रदान करें। 2017 चाइल्ड ऑनलाइन प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क डिजिटल मार्गदर्शन में माता-पिता की भूमिका पर ज़ोर देता है। उम्र सम्बंधी प्रतिबंधों के बजाय हानिकारक सामग्री को प्रतिबंधित करने पर ध्यान केंद्रित करें, जिससे सुरक्षित और संयमित उपयोग की अनुमति मिले। जुआ और हिंसा जैसी सामग्री पर फ्रांस के 2022 के चुनिंदा प्रतिबंध पूर्ण प्रतिबंध के बिना युवाओं की रक्षा करते हैं। जबकि सोशल मीडिया पर उम्र सम्बंधी प्रतिबंध सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, एक संतुलित दृष्टिकोण जो डिजिटल शिक्षा, माता-पिता की भागीदारी और लक्षित सामग्री विनियमन को जोड़ता है, किशोरों की सुरक्षा के लिए अधिक व्यावहारिक है, जबकि उन्हें जिम्मेदारी से सोशल मीडिया से लाभ उठाने की अनुमति देता है।

# 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद' सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन का हथियार



शिवेश प्रताप

2004 में टाइम पत्रिका के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक प्रसिद्ध ब्रिटिश-अमेरिकी इतिहासकार इतिहासकार नियाल फर्गुसन ने कहा है, ''सॉफ्ट पावर बहुत शांत होता है। हमें सेना या आर्थिक हार्ड पावर को प्रयोग करने की आवश्यकता ही क्या है जबकि हमारे पास इससे बेहतर संसाधन सॉफ्ट पावर के रूप में मौजूद हैं।''
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत जी ने जब नागपुर में विजयदशमी के अवसर पर अपने संबोधन में 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद' और 'वोक संस्कृति' पर अपना विचार रखा तो नियाल फर्गुसन की इस बात के दीर्घकालिक मायने भारत के परिप्रेक्ष्य में समझे जा सकते हैं। खुद को 'जागृत' या 'वोक' कहने वाले लोग आधुनिकता के नाम पर पारंपरिक मान्यताओं और व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। भागवत जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि ये विचारधारा विनाशकारी और सर्वभक्षी है, जो भारतीय समाज के मूल्यों और उसकी सांस्कृतिक धरोहर के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये लोग न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सुव्यवस्था, नैतिकता, उपकार और गरिमा के विरोधी हैं। उनके अनुसार, ये ताकतें समाज में अलगाव और भेदभाव पैदा करके उसे कमजोर करना चाहती हैं ताकि विनाशकारी शक्तियों का प्रभुत्व कायम किया जा सके।
'वोक संस्कृति' की आलोचना करते हुए भागवत जी ने कहा कि ये लोग शिक्षा और मीडिया पर नियंत्रण करके समाज को भ्रम, भय और घृणा के चक्रव्यूह में फंसाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि 'वोक' विचारधारा का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक वातावरण को अराजक और भ्रष्ट बनाना है, जिससे समाज भीतर से कमजोर हो जाए। भागवत जी ने कहा कि इस विचारधारा से प्रभावित लोग नहीं चाहते कि भारत अपने दम पर खड़ा हो और इसलिए वे समाज की एकजुटता को तोड़ने के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित सकारात्मक बदलावों के साथ आगे बढ़ें, जिससे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को सही दिशा मिल सके। कुल मिलाकर भागवत जी ने सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन पर आघात करते हुए भारतीय समाज को इसके विरुद्ध जागरूक करने का प्रयत्न किया।
आइये मोहन भागवत जी के इन विचारों को गहराई से जाननें का प्रयत्न करते हैं। दुनिया में हुए लोकतांत्रिक जागरण एवं संचार क्रांति के द्वारा जब औपनिवेशिक शक्तियों के लिए सामाजिक व शारीरिक गुलामी संभव नहीं रही तो वैचारिक गुलामी का एक नया दौर प्रारंभ किया गया जिसे सॉफ्ट पॉवर कोलोनाइजेशन कहा जाता है। इस नए दौर की औपनिवेशक शक्तियां धर्मान्तरणकारी, पूंजीवादी और वामपंथी स्वरूपों में इस वैचारिक गुलामी को प्रभावी बनाते दिखाई देती हैं।
वैश्विक स्तर पर इस्लाम एवं ईसाइयत के बीच चलने वाला घोषित युद्ध हो या पूंजीवादी देशों एवं वामपंथी विचारधारा के बीच का अघोषित युद्ध, भारत इन अधर्मी ताकतों के लिए जनसंख्या, भूगोल, जलवायु आदि सभी रूपों से अपने प्रदर्शन के लिए सबसे सुखद संभावनाओं वाला देश दिखाई पड़ता है। दुनिया भर में 1991 में हुए साम्यवादी-वामपंथी शक्तियों के पराभव के बाद चीन धीरे-धीरे एक पूंजीवादी देश बन गया तथा भारतीय वामपंथी विचारधारा भारत में एक परिजीवी बनकर इस्लामिक एवं ईसाई धर्मान्तरण एवं पूंजीवादी ताकतों की बी टीम के रूप में कार्य कर रही है। इसका एकमात्र लक्ष्य है भारत की सनातन परंपरा का नुकसान कर इसे इस्लामिक एवं ईसाई ताकतों का उपनिवेश बना दिया जाए। इन्हीं उपरोक्त विचारों के क्रम में विगत 3 दशाब्दियों से वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के नाम पर पूंजीवादी देशों (अमेरिका, यूरोप एवं चीन) के द्वारा भारत को आर्थिक उपनिवेश बनाने एवं धर्मान्तरण की शक्तियों द्वारा इसे अरब एवं वेटिकन का धार्मिक उपनिवेश बनाने हेतु भारत की कुटुंब प्रणाली पर लगातार आघात किया जा रहा है क्योंकि यही परिवार व्यवस्था इन कुचक्रों हेतु सबसे बड़ी बाधा बन रहा है।

## उपभोक्तावाद के निशाने पर भारतीय

उपभोक्तावाद वह सिद्धांत है जिसके अनुसार ऐसे विचार गढ़े जाते हैं कि जो व्यक्ति बड़ी मात्रा में वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करते हैं, वे बेहतर स्थिति में होते हैं। थोरस्टीन वेबलन 19वीं सदी के अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री थे, जिन्हें अपनी पुस्तक 'द थ्योरी ऑफ़ द लीजर क्लास' (1899) में 'विशिष्ट उपभोग' शब्द गढ़ा। विशिष्ट उपभोग किसी की सामाजिक स्थिति को दिखाने का एक साधन है, खासकर जब सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित सामान और सेवाएं उसी वर्ग के अन्य सदस्यों के लिए बहुत महंगी हों। आमतौर पर उपभोक्तावाद का मतलब पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में रहने वाले लोगों की अत्यधिक भौतिकवाद की जीवनशैली अपनाने की प्रवृत्ति से है, जो कि रिफ्लेक्सिव, अत्यधिक उपभोग के इर्द-गिर्द घूमती है। सांस्कृतिक पारिवारिक ढांचे में एक ओर जहां एक भाई दूसरे के सुख दुःख में भाग लेकर, अपने माता पिता की सेवा करने में सुख और शांति महसूस करता था, उसे अब उपभोक्तावाद ने कमाई के अनुरूप अपने भौतिक सुखों की वृद्धि के मानक पर विभाजित कर दिया।
उपभोक्तावाद ने विज्ञापन उद्योग के माध्यम से अपने उपभोक्ताओं को जन संस्कृति के अगुआ के रूप में स्थापित करती है जो सक्रिय और रचनात्मक लोगों के बजाय ब्रांडों द्वारा नियंत्रित लोगों को लोकप्रिय बनती है। ऐसे नियोजित पूर्वाग्रह उपभोक्तावाद को जन्म देते हैं। अगर इन पूर्वाग्रहों को खत्म कर दिया जाए तो बहुत से लोग कम उपभोक्तावादी जीवनशैली अपनाएंगे। उपभोक्तावाद का एक उदाहरण हर साल मोबाइल फोन के नए मॉडल पेश करना है। जबकि कुछ साल पुराना मोबाइल डिवाइस पूरी तरह से काम करने लायक और पर्याप्त हो सकता है, उपभोक्तावाद लोगों को उन मोबाइल को छोड़ने और नियमित आधार पर नए मोबाइल खरीदने के लिए प्रेरित करता रहता है। जबकि यही पैसा



परिवार के भाई, भतीजे, बेटी, बुजुर्ग माता-पिता की जरूरतों में खर्च हो सकता था लेकिन उपभोक्तावाद ने इस सामाजिक साहचर्य को खत्म कर दिया। इसी उपभोगवादी समाज में अब अपने रिश्तेदारों मामा, चाचा, फूफा के यहां रहकर पढ़ने-लिखने, जीवन बनाने जैसे उदाहरण भी दिखना लगभग शून्य हो चुका है। इस अर्थ में, उपभोक्तावाद को पारंपरिक मूल्यों और जीवन के तरीकों के विनाश, बड़े व्यवसायों द्वारा उपभोक्ता शोषण, पर्यावरण क्षरण और नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभावों में योगदान देने के लिए व्यापक रूप से समझा जा सकता है।

## परिवार/विवाह संस्कार पर आघात

कुटुंब व्यवस्था का आधार स्तंभ है विवाह संस्कार। पति एवं पत्नी मिलकर वंश परंपरा में तीन पीढ़ियों का पलान-पोषण करते हैं, जिसमें उनके माता-पिता एवं बच्चे शामिल होते हैं। पूंजीवादी शक्तियों के भारत में पनपने में यह सबसे बड़ी बाधा हैं क्योंकि एक ही छत के नीचे स्त्रियां मिलकर सभी गृहकार्य कर लेती हैं और पुरुष मिलकर आर्थिक एवं सामाजिक दायित्व निभाते हैं। बुजुर्ग, बच्चों के साथ संवाद कर उनके जिज्ञासाओं को पुष्ट करते हुए उन्हें सामाजिक संस्कार देते हैं। कल्पना करिए कि यही विवाह संस्कार टूटने से क्या प्रभाव पड़ेगा। बुजुर्गों को मोटी फीस देकर वृद्धाश्रम में रहना पड़ेगा, उनके लिए नर्स, कुक, क्लीनर आदि सेवक सेविकाएं सब पैसे पर आयेंगे। इसके अलावा सभी स्त्री एवं पुरुष जो एकल जीवन शैली में रहेंगे वो भी अपनी सभी जीवन से जुडी आवश्यकताओं हेतु बाजार पर निर्भर होंगे। घर से रसोई कक्ष खत्म होगा तो रेस्टोरेंट व्यवसाय को गति मिलेगी। इसके अलावा कपड़े धुलने हेतु लांड्री, सफाई हेतु क्लीनर आदि सभी आवश्यकताओं हेतु व्यक्ति बाजार पर निर्भर होगा। 'यूज एंड थ्रो' की संस्कृति विकसित होने से पूंजीवाद पर निर्भर व्यक्ति एक इकाई के रूप में भाव शून्य होकर केवल पैसे कमाकर अपनी जरूरतों को पूर्ण करने का एक यन्त्र बन जाएगा।
विवाह परंपरा के समाप्त होने से व्यक्ति का कुटुंब समाप्त होगा तो एकल व्यक्ति का ब्रेनवाश करना धर्मान्तरण गिरोहों के लिए बेहद आसान होगा। किसी को वृद्धाश्रम की सेवा के नाम पर मतांतरित किया जायेगा तो किसी को सांसारिक मुक्ति के नाम पर। बच्चे जो अपने बाबा-दादी से अलग परिचारिकाओं के संरक्षण में पलेंगे, या माता-पिता के साथ एकाकी जीवन में होंगे तो उनके भीतर मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक संस्कार शून्य होंगे। इससे उनका ब्रेनवाश आसानी से संभव होगा। अभी संपूर्ण विश्व ने आईएसआईएस के द्वारा यूरोप के बच्चों को आतंक हेतु इंटरनेट पर प्रभावित करते देखा गया जिससे वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हैं। यह उदहारण अब केरल और बंगाल आदि भारतीय प्रदेशों में भी दिखाई दे रहे हैं।

## फ्री-सोल और उच्छ्ङ संस्कृति के कुचक्र में नयी पीढ़ी

'DINK' एक संक्षिप्त नाम है जिसका अर्थ है ''डबल इनकम, नो चाइल्ड्स'', जो उन दंपतियों को संदर्भित करता है जो स्वेच्छा से निःसंतान हैं। विवाह परंपरा का विरोध और यौन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लिव-इन संबंधों के प्रचार द्वारा भारत के सामाजिक चरित्र हरण के पीछे धर्मांतरणवादी समूहों का योगदान है। इसके लिए इस प्रकार के विमर्श को प्रमुखता दी जाती है जिसमें युवाओं को बताया जाता है की आप मुक्त इकाई हो, ''जिंदगी न मिलेगी दोबारा'' आदि जुमलों को आधार बनाकर माता, पिता, समाज एवं परंपराओं को धता बताकर केवल अपने करियर निर्माण पर ध्यान देने की बात कही जाती है। इससे पूंजीवादी कंपनियां एक मानव को पारिवारिक इकाई से औद्योगिक इकाई के रूप में परिवर्तित कर केवल अपना उल्लू सीधा करते हैं और जब एक आयु और उर्जा के बाद आप को एहसास होता है की परिवार और समाज की आवश्यकता है तब तक देर हो चुकी होती है और समाज के प्रवाह में पीछे छुट गए युवा डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। यही अवसादग्रस्त युवा हॉस्पिटल, नशीली दवाओं, शराब, नाईट क्लब के व्यवसाय को फलने फूलने में मदद करते हैं और जब जवानी का आवेग थमता है तो निराश और एकाकी जीवन धर्मांतरणवादी समूहों का सबसे उपयुक्त शिकार बन जाता है।

## फ्री-सोल माधुरी गुप्ता की कहानी

माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी थीं। वे 52 साल की थीं, लेकिन अविवाहित थीं। उन्होंने मिस्र, मलेशिया, जिम्बाब्वे, इराक और लीबिया समेत कई देशों में वरिष्ठ पदों पर काम किया था। उर्दू पर उनकी अच्छी पकड़ के कारण उन्हें पाकिस्तान भेजा गया, जहां उन्हें वीज़ा के साथ मीडिया का प्रभार भी दिया गया। पाकिस्तान में माधुरी गुप्ता की मुलाकात जमशेद उर्फ जिम्मी नाम के 30 साल के शख्स से हुई। युवक ने अपनी वाकपटुता और हाजिरजवाबी से माधुरी गुप्ता का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं माधुरी गुप्ता ने इस्लाम धर्म भी अपना लिया। माधुरी गुप्ता जमशेद के प्यार में देशद्रोही हो गई है और वो भारत की गुप्त सूचनाएं जमशेद को दे रही थी। दरअसल जमशेद आईएसआई का जासूस था। आईएसआई ने उसे ट्रेनिंग दी और माधुरी गुप्ता को फंसाने के लिए उसका इस्तेमाल किया क्योंकि जब आईएसआई को पता चला कि माधुरी गुप्ता 52 साल की उम्र में अविवाहित है तो वो जरूर किसी साथी की तलाश में होगी।

## भारतीय त्योहारों पर कुचक्र

भारत की परिवार व्यवस्था पर आघात करने के लिए ऐसे सभी भारतीय तीज त्यौहारों पर आघात किया जा रहा है जिसे भारतीय परिवार मिलजुल कर मनाते हैं। इसके लिए औपनिवेशिक मानसिकता वाले धर्मांतरण गैंग स्कूलों, विश्वविद्यालयों एवं कॉरपोरेट संस्थाओं आदि में ईसाइयों के त्योहार पर छुट्टियां प्रदान करते हैं परंतु हिंदू त्योहारों पर धीरे-धीरे लंबी छुट्टियां को समाप्त कर एकदिवसीय छुट्टी दी जाती है। कॉन्वेंट आधारित स्कूली शिक्षा एवं वामपंथी नेक्सस के द्वारा नियंत्रित होने वाले विश्वविद्यालयों के द्वारा जानबूझकर बच्चों की परीक्षाओं को हिंदू त्योहारों के इर्द-गिर्द डाला जाता है जिससे चाहते हुए भी कोई परिवार इकट्ठा होकर त्योहारों का आनंद न ले सके। कॉर्पोरेट कंपनियों में 15 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक घोषित रूप से छुट्टियां कर दी जाती हैं क्योंकि इस दौरान इसाई क्रिसमस के लिए छुट्टियां मनाते हैं लेकिन तर्कसंगत बात यह है कि हिंदुओं के लिए ऐसी छुट्टियों का क्या मतलब? पूंजीवादी वामपंथी नेक्सस ने भारत में एक बड़ा विमर्श खड़ा कर दिया की दीपावली मनाने से प्रदूषण होता है, होली मनाने से पानी की बर्बादी होती है, दशहरा मनाने से वायु प्रदूषण होता है। करवाचौथ जैसे पति-पत्नी के पवित्र त्यौहार को पितृ सत्तात्मक कहकर इसलिए आलोचना की जाती है क्योंकि यह अब्राहमइक मज़हबी बहुपत्नी व्यवस्था के विरुद्ध एक पत्निधर्म संबंध की मजबूती को दर्शाता है। पश्चिमी त्योहारों जैसे वैलेंटाइन डे, थैंक्सगिविंग, क्रिसमस आदि पर महंगे उपहार के द्वारा पूंजीवाद को प्रमोट किया जाता है।

## LGBT एक सुनियोजित षड़यंत्र

वामपंथ का लंबे समय तक हाशिये पर जाने के बाद यूरोप में इसकी वापसी अचानक एक नए कलेवर में हुई। अचानक जगह-जगह यूरोप में गे-प्राईड, LGBT प्राइड रैली आदि होने लगी और उसके प्रायोजक यह बड़े-बड़े फैशन ब्रांड है क्योंकि इन फैशन ब्रांड को यह लगता है कि जब आदमी के पास पैसा होगा तब आदमी उनके ब्रांड पर पैसा खर्च करेगा और किसी भी आदमी की कमाई का 90% हिस्सा उसके परिवार पर खर्च हो जाता है इसीलिए यह फैशन ब्रांड LGBT कल्चर को खूब बढ़ावा दे रहे हैं। बिजनेस हाउस चाहते हैं कि लड़के और लड़कियां विवाह ना करें अपनी यौन कुंठा एक-दूसरे के साथ मिटाएं ताकि उनकी जो कमाई है वह कमाई परिवार पर खर्च ना हो फिर इस तरह की फैशन मैगजीन में तस्वीरें देखकर उनके ब्रांड पर पैसे खर्च करें। अमेरिका भी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहा है। मुझे बराक ओबामा की वह चेतावनी याद आ रही थी कि जब वह अमेरिकी युवको को संबोधित करते हुए कह रहे थे अगर तुम अभी भी नहीं जागे तब भारत के युवा तुम्हारी सारी नौकरी-बिजनस खा जाएंगे।
अमेरिका, आयरलैंड और दूसरे तमाम देशों में गर्भपात पर ईसाइयत का हवाला देकर प्रतिबंध लगवा देता है। गर्भपात की इजाजत नहीं देता वही देश दुनिया भर में गे और लेस्बियन कल्चर पर खामोश क्यों है? इसका उत्तर है की पूंजीवाद की चर्च से जुगलबंदी एवं वामपंथ की खोल में छुपकर प्रकट हुआ इस्लाम अपने अपने स्वार्थों हेतु बाजार में संयुक्त होकर भारत के संस्कृति और संस्कारों के विनाश हेतु तैयार हैं।
उपरोक्त परिस्थितियों से हम भारतीय परिवारों के लक्षित रूप से टूटने की भयावहता को समझ सकते हैं और इसके दुष्परिणाम भारतीय समाज पर पड़ना दिखाई देना प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम देश विदेश में फैले भारतवंशी परिवारों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है क्यों की यही परिवार सम्पूर्ण भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और अध्यात्मिक विरासत के परिचायक हैं।

## ओटीटी जैसे नये मंचों से षड्यंत्र

भारत में ओटीटी प्लेटफार्म्स की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता ने मनोरंजन के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नकारात्मक प्रभाव भी सामने आए हैं। इन प्लेटफार्म्स पर कई ऐसे वेब सीरीज और फिल्मों का प्रसारण हो रहा है, जिनमें हिंसा, अश्लीलता और आपत्तिजनक सामग्री को प्रमुखता दी जाती है। इन प्लेटफार्म्स पर आसानी से उपलब्ध कंटेंट में जाति, धर्म और सामाजिक मुद्दों को ऐसे तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा देता है।
ओटीटी कंटेंट पर नियंत्रण की कमी और सेंसरशिप न होने के कारण, निर्माता अक्सर विवादास्पद विषयों का सहारा लेते हैं, जिनसे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। कई सीरीज में धर्म और सांस्कृतिक प्रतीकों का अपमानजनक चित्रण होता है, जिससे समाज में तनाव और असहमति बढ़ती है। दर्शकों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि वह किस प्रकार की सामग्री का सेवन कर रहे हैं और उसका उनके विचारों और आचरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ओटीटी प्लेटफार्म्स पर प्रसारित सामग्री स्वस्थ, जिम्मेदार और समाज को एकजुट करने वाली हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक सुरक्षित और सकारात्मक सामाजिक वातावरण में विकसित हो सकें।
डॉ. मोहन भागवत द्वारा उठाए गए बिंदु यह दर्शाते हैं कि ऐसी विचारधाराएं जो सांस्कृतिक मार्क्सवाद या वोक विचारधारा के तहत आती हैं, भारतीय समाज में भेदभाव, भ्रम, और अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करती हैं। इनका उद्देश्य पारंपरिक सांस्कृतिक व्यवस्थाओं और मूल्यों को ध्वस्त करना है, ताकि समाज में अराजकता और विभाजन पैदा हो सके। वोक संस्कृति के प्रति सावधानी बरतते हुए हमें अपने समाज की एकता, सांस्कृतिक धरोहर और नैतिकता को बनाए रखना होगा। यह अत्यावश्यक है कि भारतीय समाज अपने सांस्कृतिक मूल्यों पर गर्व करे और अपने रास्ते पर अडिग रहते हुए अपने सांस्कृतिक मूल्यों को अपनी शक्ति बनाकर विश्व मंच पर सॉफ्ट पॉवर के रूप में प्रसारित करें जैसे वर्त्तमान में विश्व योग, आध्यात्म और आयुर्वेद के रूप में हमारी सांस्कृतिक विरासत को स्वीकार कर रहा है। इस तरह से भारत अपने दम पर खड़ा होकर दुनिया के सामने एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरेगा जिसका नेतृत्व लम्बे समय तक विश्व को आलोकित कर सकेगा।

**(लेखक, IIM कलकत्ता से शिक्षित व लोकनीति विश्लेषक हैं।)**

# झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ : एक गंभीर खतरा और चुनौती



कैलाश केशरी

भारत, विशेषकर झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा बीते कुछ वर्षों में तीव्रता से बढ़ा है। यह न केवल क्षेत्रीय जनसांख्यिकी को प्रभावित कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को भी गंभीर खतरे में डाल रहा है। झारखंड के संथाल परगना के जिलों—पाकुड़, साहिबगंज, दुमका, जामताड़ा और गोड्डा में बांग्लादेशी घुसपैठियों की लगातार बढ़ती संख्या एक ऐसी समस्या बन गई है, जिसे अब नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं है।

## घुसपैठियों की रणनीति और बढ़ता प्रभाव

बांग्लादेश से आए ये घुसपैठिए पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत में प्रवेश करते हैं। पश्चिम बंगाल में उनकी संख्या इतनी बढ़ चुकी है कि अब ममता सरकार के लिए यह एक "पॉकेट वोट" बन गए हैं। घुसपैठियों ने बंगाल में अपनी स्थिति इतनी मज़बूत कर ली है कि ममता सरकार के संरक्षण में उन्होंने न केवल अपना अस्तित्व सुरक्षित किया, बल्कि अपनी राजनीतिक और सामाजिक पकड़ भी सुदृढ़ की। बंगाल में घुसपैठियों को दिए गए राजनीतिक संरक्षण के कारण



उन्होंने अपने "जेहादी एजेंडे" को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यही प्रक्रिया अब झारखंड में भी देखी जा रही है। झारखंड के ग्रामीण इलाकों में घुसपैठिए पहले स्थानीय आदिवासियों के साथ घुलमिल जाते हैं। वे उनके सुख-दुख के साथी बनते हैं और धीरे-धीरे उनकी बहू-बेटियों से विवाह कर उनके घर-जमीन पर अधिकार जमा लेते हैं। यह एक योजनाबद्ध रणनीति है, जिसके माध्यम से ये लोग नागरिकता प्राप्त कर क्षेत्रीय राजनीति और संसाधनों में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

## झारखंड के आदिवासी समुदाय पर प्रभाव

संथाल परगना में आदिवासी समुदाय पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। ये घुसपैठिए न केवल उनकी सामाजिक संरचना को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि उनकी संस्कृति, जमीन और रोज़गार पर भी कब्ज़ा कर रहे हैं। झारखंड जैसे राज्य, जो अपनी जनजातीय संस्कृति और मूल्यों के लिए प्रसिद्ध हैं, अब बाहरी घुसपैठ के कारण अपने मूल स्वरूप को खोने के कगार पर हैं।

## राजनीतिक संरक्षण और वोट बैंक की राजनीति

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने कभी इस घुसपैठ को स्वीकार नहीं किया। यह अकारण नहीं है। यह घुसपैठियों को एक संभावित वोट बैंक के रूप में देखने का नतीजा है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने हाल ही में वक्फ बोर्ड के निर्णय के तहत इंडियन एलायंस पार्टी को एकजुट होकर वोट देने का फरमान जारी किया। इस प्रकार के संगठित प्रयास न केवल स्थानीय हिंदू समुदाय बल्कि पूरे राज्य की स्थिरता और सांस्कृतिक संतुलन के लिए खतरा बन गए हैं।

## सांस्कृतिक और धार्मिक संतुलन पर प्रभाव

घुसपैठियों की संख्या में वृद्धि के साथ ही झारखंड और बंगाल में धार्मिक और सांस्कृतिक असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है। उनका एकमात्र उद्देश्य अपने धार्मिक एजेंडे को आगे बढ़ाना और क्षेत्र में बहुसंख्यक बनने का है। इसके लिए वे हर प्रकार की रणनीति अपना रहे हैं—चाहे वह जनसंख्या वृद्धि हो, स्थानीय समुदायों को आर्थिक रूप से कमजोर करना हो, या फिर सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन पैदा करना हो।

## समाज और सरकार की भूमिका

बांग्लादेशी घुसपैठ के बढ़ते खतरे को देखते हुए समाज और सरकार को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। यह केवल एक राजनीतिक या सामाजिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। सीमाओं की कड़ी निगरानी, घुसपैठियों की पहचान और निर्वासन, और स्थानीय समुदायों को जागरूक करना इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम हैं। इसके साथ ही, राज्य सरकारों को अपनी वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा। यदि इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में यह स्थिति न केवल झारखंड और बंगाल, बल्कि पूरे भारत के लिए एक बड़े संकट का कारण बन सकती है।

**(लेखक एक स्वतंत्र टिपण्णीकार हैं।)**

# अब हरे पर्द की आड़ में जेडीए जोन 5 में हाई टेंशन लाइन के नीचे बिना सेट बैक छोड़े कमर्शियल काम्प्लेक्स का निर्माण

## जोन 5 में मिली भगत के चलते अवैध निर्माणकर्ता के होसले बुलंद

चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन पाँच में स्थित प्लॉट न. 459 -लक्ष्मण पथ ,विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड जयपुर पर बिल्डर द्वारा हाईटेंशन लाइन के नीचे कमर्शियल कॉम्पलेक्स का निर्माण शिकायत के बाद अब हरे पर्दे की आड़ में धड़ल्ले से किया जा रहा है जहाँ न कोई पार्किंग छोड़ी गई है न ही सैट बैक ,मिली जानकारी के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते जोन पाँच में अवैध निर्माणों की बाढ़ आयी हुई है, जिससे अवैध निर्माण कर्ता के हौसले बुलंद हो रहे हैं ! वहीं मिली जानकारी के अनुसार विभाग के कुछ कर्मचारी शिकायत होने पर भी पहले निर्माण कार्य को चलने देते हैं उसके बाद निर्माण कार्य के अंतिम चरण में होने के बाद वसूली का खेल शुरू होता है।





### यहाँ पूर्व में भी हाई टेंशन लाइन से हो चुकी यह दुर्घटना

» स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यहाँ पर पतंग उड़ाते समय हुई एक दुर्घटना में दो बच्चों को हाई टेंशन लाइन ने चपेट में ले लिया था जिससे एक बच्चे की मौत तथा एक बच्चा बुरी तरह से झुलस गया था।

### चमकता राजस्थान अब उठाएगा स्थानीय अवैध निर्माणों के मुद्दे को

» अवैध निर्माणों को देखते हुए चमकता राजस्थान परिवार ने अब स्थानीय अवैध निर्माणों के मुद्दे को उठाने का निर्णय लिया है जिसमें अब ज़ोन पाँच में हो रहे सभी अवैध निर्माणों को जयपुर विकास प्राधिकरण के समक्ष रखेगा।

### शिकायत के बाद हरा पर्दा लगाकर कर रहे हैं अवैध निर्माण

» स्थानीय निवासियों ने बताया कि शिकायत के बाद निर्माण कर्ता निर्माण को हरा पर्दा लगाकर जल्दी से जल्दी पूर्ण करने में लगा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी: ट्रॉली में यात्रा की समस्याएं, सुधार की आवश्यकता



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** सरमथुरा उपखंड में अधिकतर शादी - विवाह में महिलाओं को ट्रॉली में यात्रा के दौरान जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वह न केवल उनके शारीरिक कष्टों को बढ़ाता है, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरे का कारण बनता है। ट्रॉली, जो आमतौर पर पत्थर, अनाज की बोरियों, लकड़ी और घास जैसे सामान को ढोने के लिए उपयोग की जाती है, उसमें महिलाओं को बैठने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं होती। वहाँ ना तो गद्दा होता है, और ना ही कोई अन्य सुविधा जो उनकी यात्रा को आरामदायक बना सके। इस स्थिति में महिलाओं को असुरक्षित महसूस करना स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, ट्रैक्टरों को तेज़ गति से चलाया जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम और भी बढ़ जाता है। इस प्रकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिनमें कई महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। इसके बावजूद, इस मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, यह जरूरी है, कि महिलाओं की कद्र की जाए और उनकी यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। महिलाओं को ट्रॉली में यात्रा करते समय न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, जैसे गद्दे और सुरक्षा उपकरण, उपलब्ध कराए जाने चाहिए। साथ ही, ट्रैक्टर की गति पर नियंत्रण भी जरूरी है, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस दिशा में ठोस कदम उठाना समय की आवश्यकता है।

### श्रीनगर थाना क्षेत्र में हुआ बड़ा हादसा

**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक /श्री नगर :-अजमेर/ नसीराबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर काना खेड़ी के आगे आरटीओ की ओर से ट्रक को चालान काटने के लिए रुकवाने पर पीछे चल रहे ट्रक आपस में टकरा गए। एक सब्जी से भरा मिनी ट्रक इस हादसे में डिवाइडर पर चढ़ गया। आपस में ट्रक टकराने से एक ट्रक की आगे से बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई। एक खलासी के मामूली चोटे आई जिसे अस्पताल ले जाया गया। घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर नसीराबाद पुलिस उपाधीक्षक जनरैल सिंह तथा श्रीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह सहायक उप निरीक्षक श्रवण लाल चौधरी मौके पर पहुंचे ।मौके पर बड़ी संख्या में ड्राइवर इकट्ठा हो गए उन्होंने आरटीओ की ओर से आए दिन ट्रक चालकों को रुकवा कर नाजायज तरीके से राशि वसूल करने का आरोप लगाया । इकट्ठा हुए ड्राइवर का कहना था कि आरटीओ को मौके पर बुलाया जाए ।जिसके कारण यह घटना हुई। घटना में एक मिनी ट्रक जो की सब्जी भरकर जा रहा था वह डिवाइडर पर चढ़ गया और बुरी तरह से आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में तीन-चार ट्रक आपस में टकरा गए। आरटीओ पर आरोप है कि आए दिन आरटीओ राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े होकर ट्रक चालकों को धमकाते हैं। उनसे बेवजह राशि वसूलते हैं ।घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया ।दोनों और जाम लगने से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी और ट्रक चालकों ने आरटीओ की इस कार्रवाई का विरोध जताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मामले की नजाकत को देखते हुए नसीराबाद से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाया गया। पुलिस ने सहायक स्थिति को संभाला ।एवं यातायात को सुचारू करवाया ।ट्रक चालकों को भी समझा बूझकर शांत किया।। घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक जाम लग गया। फोटो कैप्शन श्रीनगर। काना खेड़ी टाटा कंपनी के पास डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक। 2 आरटीओ पर ट्रक चालकों से वसूली करने का आरोप लगाकर हंगामा करते ट्रक ड्राइवर !

### केंद्रीय मंत्री चौधरी से प्रेरित होकर दूल्हे व परिजनों ने टिके पर मिले पैसे वापस लौटाए



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक /श्रीनगर -अजमेर।** किशनगढ- भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार रात्रि न्यू हाऊसिंग बोर्ड चतूर्थ पेज में भवानी सिंह राठौड़ की बहन राजू कंवर की शादी में सम्मिलित होने गये थे तो वो सामेले में सम्मिलित हुए वहां लड़की के परिजनों द्वारा टिके के समय एक लाख इक्कयावन हजार रुपये दिए जा रहे थे तो केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कन्यादान दे रहै यह कम है क्या इस पर दूल्हा भरत सिंह व उनके पिताजी सुमेर सिंह एवं परिवार वालो ने मिलकर केंद्रीय मंत्री चौधरी के हाथों वापस पैसे दे दिए और बोले कि हम को लड़की मिल रही है यह कम बात नही ओर इस परंपरा को खत्म करना चाइए ताकि लड़की के परिजनों पर यह बोझ कम हो।

इस मौके पर उपस्थित सभी बाराती व लड़की वालों ने केंद्रीय मंत्री व लड़के वालों की भूरी भूरी प्रश्नता की

इस मौके पर भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा,सूर्य प्रकाश शर्मा,उदय सिंह तोलामल,शैतान सिंह धौलपुरिया,रामचरण राव,एडवोकेट नवीन बैरवा, सुमेर सिंह परिहार, महेन्द्र सिंह राठौर, कुशाल सिंह राठौर, शेर सिंह राठौर,महेन्द्र सिंह राठौर श्रवण सिंह परिहार, भवानी सिंह राठौर, सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ब्ल्यू केसर पब्लिक स्कूल, कानाखेड़ी में बाल मेले तथा विचित्र वेश-भूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक / श्रीनगर/

अजमेरनसीराबाद बाल मेले में मुख्य अतिथि अतिथि कानाखेड़ी सरपंच पति जयसिंह रावत सेवा निवृत लेखाकार महेंद्र सिंह रावत ने-हरू युवा केंद्र के लेखाकार शंकर सिंह रावत सेवानिवृत्ति वरिष्ठ अध्यापक केला सिंह रावत, समाजसेवी विष्णु सिंह रावत, ज्ञान सिंह रावत, महावीर सिंह रावत सरकारी विद्यालय के प्रिंसिपल मनीषा सर्राफ,अध्यापक ललित डांगी अध्यापक अनिल पुरोहित कंप्यूटर अनुदेशक आशिष गहलोत अतिथि मौजूद रहे,। बाल मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्टाल लगाई । स्टाल में खाने-पीने के समान के अलावा खिलौने एवं कॉस्मेटिक आइटम की दुकानें शामिल थी। बाल में लेकर दौरान



विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया कक्षा एलकेजी से लेकर आठवीं कक्षा तक के करीब 60 विद्यार्थियों ने विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में भाग लिया विद्यालय के सहसंचालक कानसिंह रावत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को एक मंच प्रदान करना था जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें। और अपने साथियों के साथ जुड़ सकें। बाल मेला एक सफल आयोजन साबित हुआ बच्चों ने इसके हर पल का आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत पुरोहित ने बताया कि इस आयोजन में बच्चों के माता-पिता और शिक्षक-ों ने भी भाग लिया । बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बाल मेला एक यादगार आयोजन था जिसने बच्चों को खुशी, आनंद, और सीखने का अवसर प्रदान किया। बाल मेले एंव विचित्र वेश-भूषा में नरेंद्र सिंह रावत, प्रमोद कुमावत, रक्षा यादव, पूजा कुमावत, नेहा जांगिड़, ज्ञानू यादव, रिंकु कुमावत, रेणु बोहरा, नीलम रावत, रेणु जोशी ,देवी सिंह रावत, विमल सिंह रावत , रणजीत सिंह रावत ,का सहयोग रहा ।

## सफाई कर्मियों ने की हड़ताल, एक दिन में ही लगे कचरों के ढेर, अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने की कर रहे मांग

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण) धौलपुर।** नगर परिषद की ओर से दिए जाने वाले अनुभव प्रमाण पत्र के नहीं बनने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने धौलपुर शहर में हड़ताल शुरू कर दी है। सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर है। सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन के दौरान अनुभव प्रमाण पत्र दिया जाना अनिवार्य है। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से पहले दिन ही जगह- जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। सफाई यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह थनवार ने बताया कि सीधी भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सफाई कर्मचारियों को अभी तक नगर परिषद की ओर से



अनुभव प्रमाण पत्र नहीं दिए गए हैं, जबकि ऑनलाइन आवेदन की तिथि 6 नवंबर से बढ़कर 20 नवंबर तक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एक बार फिर से अंतिम तिथि पास आने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को अनुभव प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर नगर परिषद आयुक्त को अल्टीमेटम दिया गया था। सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 24 घंटे का अल्टीमेटम पूरा होने के बाद शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से शहर के मुख्य चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे लोग परेशान हैं। सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल अगर जारी रहती है, तो शहर के हालात बदतर हो सकते हैं।

## बनो उद्यमी पुस्तक विमोचन - विकसित भारत के लिए मार्गदर्शिका



**चमकता राजस्थान। जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी )।** जयपुर में एस्पिरेशनल ब्लॉक्स के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान 'बनो उद्यमी' पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। यह पुस्तक प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक मेधा नरुका एवं प्रशांत पाल ने सिडबी स्वावलम्बन फाउंडेशन के सहयोग से भारत में उद्यमिता विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रकाशित की गई है। इसके लोकार्पण समारोह में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, सीएन आरआई अध्यक्ष बिनोद आनंद, अखिल भारतीय सामुदायिक रेडियो महासचिव डॉ. डीपी सिंह, विवेकानंद यूनिवर्सिटी के सीईओ श्री ओंकार बगारिया और श्रमृद्ध भारत अभियान के सीताराम गुप्ता जैसे व्यक्तित्व उपस्थित रहे। मेधा नरुका और प्रशांत पाल द्वारा लिखित यह पुस्तक उन युवाओं और महिलाओं के लिए एक बेहतरीन मार्गदर्शिका है, जो नौकरी की तलाश के बजाय खुद का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सहयोग करना चाहते है । पुस्तक में 51 बिजनेस आइडियाज, 30 से अधिक सरकारी योजनाओं की जानकारी और उन्हें लाभ लेने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया है। 'बनो उद्यमी' में यह भी बताया गया है। कि बिना स्वम के निवेश के साथ अपना व्यवसाय कैसे शुरू करें, कौन-कौन से दस्तावेज़ जरूरी हैं, बिजनेस रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस कैसे प्राप्त करें, और बिजनेस प्रपोजल कैसे तैयार करें। इसके अलावा, इसमें देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले अल्पकालिक और डिग्री उद्यमिता कोर्स की जानकारी दी गई है। यह पुस्तक इनक्यूबेशन सेंटर्स में जुड़ने और उनके लाभ लेने की प्रक्रिया को भी उजागर करती है। एक तरह से यह पुस्तक व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं के लिए गागर में सागर का काम करेगी। इस पुस्तक की एक खासियत यह है। कि इसमें 51 व्यवसायों से जुड़े वीडियो के लिए क्यूआर कोड भी दिए गए हैं, जिनकी मदद से पाठक व्यवसाय शुरू करने से पहले उसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तक का उद्देश्य 2030 तक 25,000 से अधिक युवाओं और महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह ग्रामीण विकास, आर्थिक समावेशन, और सतत नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

'बनो उद्यमी' हर उस व्यक्ति के लिए अनिवार्य है, जो भारत के सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र में योगदान देना चाहता है। प्योर इंडिया ट्रस्ट के साथ जुड़कर युवा अपने सपनो को साकार करा सकते है।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महाराज सवाई जयसिंह जी द्वितीय की जयंती पर किया प्रतिभाओं को सम्मानित

चमकता राजस्थान

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महाराज सवाई जयसिंह जी द्वितीय की जयंती के उपलक्ष पर श्री राजपूत सभा जयपुर द्वारा आयोजित समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे समाज के गणमान्य बंधुओं, माताओं-बहनों और समाज के युवाओं को संबोधित कर एक सभ्य समाज के रूप में समृद्ध एवं विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने हेतु आ''न किया और साथ विभिन्न क्षेत्रों में





उत्कृष्ट कार्य कर रहीं प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बड पिपली धाम के महाराज पदमेन्द्र नाथ,श्री राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह,पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक देवी सिंह शेखावत, रविंद्र सिंह भाटी, समाजसेवी महावीर सिंह सरवड़ी, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, राजपूत सभा के समस्त पदाधिकारीगण, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति उपस्थिति रही।

संक्षिप्त समाचार

# फ्रेंच अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ आज

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 नवंबर। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग तथा भारतीय फ्रेंच शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में जेएलएन मार्ग स्थित यूजीसी-एमएमटीटीसी (एचआरडीसी) के सेमिनार हॉल में सोमवार से ₹टीचिंग ऑफ फ्रेंच लैंग्वेजः ट्रेडिशन, ट्रांजिशन, अडाप्टेशन₹ विषय पर त्रिदिवसीय चतुर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।राजस्थान के वित्त सचिव श्री देबाशीष पृष्टी एवं जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे वहीं राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा मुख्य अतिथि होंगी।38वीं राष्ट्रीय कॉंग्रेस के तहत किए जा रहे इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में फ्रेंच भाषा का भारतीय सन्दर्भ में भावी अध्ययन-अध्यापन, कैरियर स्कोप, संभावनाओं आदि पर गहन मंथन किया जाएगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा की विभागाध्यक्ष डॉक्टर निधि रायसिंघानी एवं ए टी एफ की प्रेसिडेंट अंजलि लोकुर ने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य फ्रेंच भाषा के शिक्षण, साहित्य, संस्कृति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) और शैक्षणिक दृष्टिकोणों (ॐ३२) पर विचार-विमर्श और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान है। आज से 20 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय अकादमिक सम्मेलन में विषय विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषयक वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। पूरे भारत से लगभग 200 प्रतिनिधि इस कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करेंगे तथा विदेशों से अध्येता यथा- फ्रांस, कनाडा, ताइवान, सिंगापुर और अफगानिस्तान सहित कई देशों के विशेषज्ञ और पदाधिकारी भी भाग लेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फ्रेंच भाषा के माध्यम से भारत और फ्रांस के मध्य अंतरसंबंधों को बढ़ावा देने, अकादमिक अंतर्दृष्टि और बहुभाषी गतिविधियों के आदान-प्रदान आदि पर केंद्रित है। सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वक्ता और विशेषज्ञ ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से आधुनिक फ्रेंच भाषा शिक्षण के नए आयामों, टीचिंग मेथोडोलॉजी, रिसर्च, अध्धयन-अध्यापन, भाषागत कौशल, करियर व संभावनाएं, आदि पर प्रकाश डालेंगे। प्रति तीन वर्ष में एक बार आयोजित किये जाने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मेलन को इस बार राजस्थान विश्वविद्यालय के सहयोग से सम्पन्न किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को कई प्रकाशनों और मीडिया भागीदारों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें गोयल पब्लिशिंग हाउस, लैंगर्स, फ्रेहिंदी, यूनिसेक, आरएफआई, क्ले इंटरनेशनल, टीवी5, कैंपस फ्रांस और भारत में एलायंस फ्रांसेसे नेटवर्क इत्यादि शामिल हैं। क्यूबेक, फ्रांस और भारत के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ-साथ फ्रांस के दूतावास और फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे। 1953 में स्थापित, इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ऑफ फ्रेंच (क्अळत्रः) अपनी तरह के सबसे पुरातन संघों में से एक है और यह संघ फ्रेंच भाषा के शिक्षण को बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। इस वर्ष क्अळत्रः की 70वीं वर्षगांठ है। फ्रेंच भाषा के शिक्षकों को एकजुट करने, विचारों और नवाचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के अपने मिशन के साथ, क्अळत्रः सभी स्तरों पर शिक्षकों और छात्रों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए भारत में फ्रेंच भाषा की शिक्षा के संवर्धन और उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।यह सम्मेलन न केवल फ्रेंच शिक्षकों और छात्रों बल्कि भाषा, साहित्य और संस्कृति से संबद्ध अध्यताओं, भाषाविदों, अकादमिक अभिरुचि के विद्यार्थियों व युवाओं आदि के लिये ऊर्जावान प्रेरणादायक मंच है।

राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# बालक वर्ग में श्रीगंगानगर व बालिका वर्ग में जयपुर चैंपियन

## प्रवीण और एकता कंवर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 17नवंबर।** जालोर में रविवार को संपन्न चार दिवसीय 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका)-2024-25 में श्रीगंगानगर ने बालक वर्ग तथा जयपुर ने बालिका वर्ग का ख़िताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के खिताबी मुक़ाबले में गत उपविजेता श्रीगंगानगर ने गत विजेता जयपुर को 23-19 से हराया। वही बालिका वर्ग के फाइनल में जयपुर ने हनुमानगढ़ को 19-09 से हराया। बालक वर्ग में सीकर ने ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी-श्रीगंगानगर को 10-07 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग चूरु जोधपुर को 13-11 से हराकर तीसरे स्थान पर रही।

आयोजन सचिव पर्वत सिंह भाटी ने बताया कि राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से प्रतियोगिता के बालक वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्रीगंगानगर के प्रवीण को स्व. अमृत कुमार नाटा तथा बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जयपुर की एकता कंवर को स्व. इरफ़ान अली गौड़ की स्मृति में 1100-1100 रू. का नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वही जालोर ज़िला हैंडबॉल संघ की ओर से सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर की ट्रॉफी बालक वर्ग में जयपुर के यश यादव को तथा बालिका वर्ग में चित्तौड़गढ़ की नेहा धाकड़ को प्रदान की गई।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष हरीश धनदेव थे।समारोह की अध्यक्षता राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि ठा. हेमंत सिंह देवड़ा सनवाड़ा, राजेंद्र कुमार, सुरेश सोलंकी-भाजपा नगर अध्यक्ष, अभिमन्यु सिंह-अध्यक्ष जिला हैंडबॉल संघ जालौर, महिवर्धन सिंह खंगारोत-संयुक्त सचिव, जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ ने खिलाड़ियों को मेडल पहना कर और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# मनोहरपुर के मंगलम कॉलोनी स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में नैपकिन फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने खोली शाहपुरा प्रशासन की आंखें

## शाहपुरा नगरपरिषद की टीम ने 45 फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण, मात्र दो में मिला फायर सेफ्टी सिस्टम, वो भी मिलें फेल



## 30 घंटे बाद भी नहीं बुझी फैक्ट्री की आग, तीन दमकलें ने लगायें असंख्य फेरे

चमकता राजस्थान

मनोहरपुर, 17 नवंबर (खलील कुरैशी): जयपुर ग्रामीण के कस्बे मनोहरपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर मंगलम इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित डायपर्स फैक्ट्री में शनिवार को लगी आग रविवार को 30 घंटे बाद भी पूरी तरह से नहीं बुझ पाई है। दमकल टीम आग को बुझाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए शाहपुरा नगर परिषद के दमकल प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि आग पर रविवार रविवार - देर रात तक पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। बाबूलाल गुर्जर ने आगे - बताया कि फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी सिस्टम कि जांच करने के लिए शाहपुर नगर परिषद की टीम में मनोहरपुर के मंगलमय इंडस्ट्रीज एरिया, सुराणा, एवम् भूरानपुरा में मनोहरपुर फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच करती नगर परिषद शाहपुरा की टीम करीब 45 फैक्ट्री की जांच की। इन फैक्ट्री की जांच में मात्र दो फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी सिस्टम पाया गया।इन फैक्ट्रियों में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम भी बंद मिले। बाकी सभी 43 फैक्ट्रियों में ना तो फायर सेफ्टी सिस्टम लगे मिले और ना ही एनओसी मिली। ऐसे में प्रश्न उठता है कि इन फैक्ट्रियों पर आखिरकार किन की मेहरबानी है।आगजनी की घटना होने पर आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में लगी आग के चलते वतावरन में चारों और वायु प्रदूषण फेल हो गया है। लोगों को श्वास लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही लोग इस भीषण आग की घटना को लेकर चर्चाओं का बाज़ार गर्म है वहीं दूसरी ओर संबंधित प्रशासन की अकर्मण्यता और घौर लापरवाही भी दृष्टिगोचर हुई हैं।

**दमकल टीम लगातार कर रही बुझाने का प्रयास**

## किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में हस्तलेखन और चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया शानदार उत्साह, विजेताओं को किया सम्मानित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड के किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में हाल ही में आयोजित हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के हस्तलेखन प्रतियोगिता में बाड़ी कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 325 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पहली कक्षा से लेकर 11वीं कक्षा तक के छात्रों ने पूरे उत्साह और जुनून से भाग लिया और अपने सुंदर हस्तलेखन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी लेखन कला का प्रदर्शन किया, बल्कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एक-दूसरे से प्रेरणा भी ली। इसके साथ ही, पिछले रविवार को हुई चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल फाउंडेशन के संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी और विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रेमी रामू चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, विद्यार्थियों की कला और रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी के निदेशक सुनील मित्तल ने बताया कि स्कूल हर रविवार को छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। ये प्रतियोगिताएं बाड़ी शहर के सभी हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क होंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आज के इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के टीचर्स हेमंत शर्मा, इमरान जाफरी, नीतू सिसोदिया और पूनम वर्मा ने अपनी असीम मेहनत और सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार होगा, और वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# सोमवार को होगा फ्रेंच अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग तथा भारतीय फ्रेंच शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में जेएलएन मार्ग स्थित यूजीसी-एमएमटीटीसी (एचआरडीसी) के सेमिनार हॉल में सोमवार से ₹टीचिंग ऑफ फ्रेंच लैंग्वेजः ट्रेडिशन, ट्रांजिशन, अडाप्टेशन₹ विषय पर त्रिदिवसीय चतुर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के वित्त सचिव श्री देबाशीष पृष्टी एवं जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे वहीं राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा मुख्य अतिथि होंगी।

38वीं राष्ट्रीय कॉंग्रेस के तहत किए जा रहे इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में फ्रेंच भाषा का भारतीय सन्दर्भ में भावी अध्ययन-अध्यापन, कैरियर स्कोप, संभावनाओं आदि पर गहन मंथन किया जाएगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा की विभागाध्यक्ष डॉक्टर निधि रायसिंघानी एवं ए टी एफ की प्रेसिडेंट अंजलि लोकुर ने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य फ्रेंच भाषा के शिक्षण, साहित्य, संस्कृति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) और शैक्षणिक दृष्टिकोणों (ॐ३२) पर विचार-विमर्श और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान है।

सोमवार से 20 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय अकादमिक सम्मेलन में विषय विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषयक वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। पूरे भारत से लगभग 200 प्रतिनिधि इस कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करेंगे तथा विदेशों से अध्येता यथा- फ्रांस, कनाडा, ताइवान, सिंगापुर और अफगानिस्तान सहित कई देशों के विशेषज्ञ और पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फ्रेंच भाषा के माध्यम से भारत और फ्रांस के मध्य अंतरसंबंधों को बढ़ावा देने, अकादमिक अंतर्दृष्टि और बहुभाषी गतिविधियों के आदान-प्रदान आदि पर केंद्रित है। सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वक्ता और विशेषज्ञ ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से आधुनिक फ्रेंच भाषा शिक्षण के नए आयामों, टीचिंग मेथोडोलॉजी, रिसर्च, अध्धयन-अध्यापन, भाषागत कौशल, करियर व संभावनाएं, आदि पर प्रकाश डालेंगे। प्रति तीन वर्ष में एक बार आयोजित किये जाने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मेलन को इस बार राजस्थान विश्वविद्यालय के सहयोग से सम्पन्न किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को कई प्रकाशनों और मीडिया भागीदारों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें गोयल पब्लिशिंग हाउस, लैंगर्स, फ्रेहिंदी, यूनिसेक, आरएफआई, क्ले इंटरनेशनल, टीवी5, कैंपस फ्रांस और भारत में एलायंस फ्रांसेसे नेटवर्क इत्यादि शामिल हैं। क्यूबेक, फ्रांस और भारत के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ-साथ फ्रांस के दूतावास और फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे। 1953 में स्थापित, इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ऑफ फ्रेंच (क्अळत्रः) अपनी तरह के सबसे पुरातन संघों में से एक है और यह संघ फ्रेंच भाषा के शिक्षण को बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है।

इस वर्ष क्अळत्रः की 70वीं वर्षगांठ है। फ्रेंच भाषा के शिक्षकों को एकजुट करने, विचारों और नवाचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के अपने मिशन के साथ, क्अळत्रः सभी स्तरों पर शिक्षकों और छात्रों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के लिए भारत में फ्रेंच भाषा की शिक्षा के संवर्धन और उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह सम्मेलन न केवल फ्रेंच शिक्षकों और छात्रों बल्कि भाषा, साहित्य और संस्कृति से संबद्ध अध्यताओं, भाषाविदों, अकादमिक अभिरुचि के विद्यार्थियों व युवाओं आदि के लिये ऊर्जावान प्रेरणादायक मंच है।

# सड़क दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि वर्ल्ड रिमेंबर्स डे का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान



धौलपुर(रामदास तरुण)। धौलपुर, 17 नवंबर को सड़क दुर्घटनाओं में काल मृत्यु के मृतकों को वर्ल्ड रिमेंबरयंस डे के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अभियान धौलपुर द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से गुलाब बाग स्थित ट्राफिक पॉइंट पर वर्ल्ड रिमेंबर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें तत्काल घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने वाले 108 के कर्मचारियों को माला पहनकर व स्मृति चिन्ह के माध्यम से उनका सम्मान किया गया । परिवहन निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाती है । उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और जिन वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। उन्हें दूर किया जा सके। इस अवसर पर जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को चिकित्सालय पहुंचने में 108 चिकित्सा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आज हमारे द्वारा इस अवसर पर ऐसे सेवा भावी 108 के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है । इस आशा और विश्वास के साथ कि वह अपने कार्य को और बेहतर कर सड़क दुर्घटना के घायलों को जीवन दान देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पाएंगें। समारोह में सड़क दुर्घटना कि मृतकों को दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर विभाग द्वारा 108 के पायलट शैलेंद्र कुमार पचौरी , पायलट सनी तिवारी, पायलट दिनेश गुर्जर, पायलट सौरव पाराशर, पायलट रामदीन शर्मा, ऐ३ देवेश तिवारी व ऐ३ देवेंद्र सिंह का सम्मान किया गया। समारोह में न्याय दर्शन संस्था के अध्यक्ष चंद्रमोहन पाराशर एडवोकेट, सहायक उप निरीक्षक यातायात शाखा महेश सहायक, मोहम्मद जाकिर हुसैन, देवेंद्र सिंह,नेम सिंह, जीतेन्द्र कानि., राजबीर कानि. मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर प्रतापगढ़ पुलिस ने पकड़ी 48 लाख 75 हज़ार रुपए कीमत के मादक पदार्थ से भरी पिकअप

चमकता राजस्थान



जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 नवम्बर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस की टीम ने मध्य प्रदेश नंबर की एक पिकअप से 19 कट्टों में भरा 325 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 48.75 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को पिकअप से एक मोबाइल मिला है, जिसके आधार पर मौके से फरार तस्करों की तलाश की जा रही हैअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम एन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में पुलिस मुख्यालय से राज्य के अलग-अलग शहरों में टीमें भेजी गई है, जो गुप्त रूप से वांछित अपराधियों मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करों इत्यादि के बारे में जानकारी जुटा उन पर निगरानी रख रही हैआसूचना संकलन के दौरान प्रतापगढ़ गई एजीटीएफ टीम को शनिवार को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश नंबर की एक पिकअप में तस्कर अवैध डोडा चूरा लेकर छोटी सादड़ी से होते

### मध्य प्रदेश नंबर की पिकअप से 325 किलो अफीम डोडा चूरा जप्त, पुलिस को पिकअप में फरार तस्करों का मोबाइल मिला

हुए निम्बाहेड़ा की तरफ जाएंगे। इसकी सूचना टीम ने आगे छोटी सादड़ी थाना पुलिस को दी। रात करीब 1:00 बजे छोटी सादड़ी थाना पुलिस की टीम को कारूण्डा चौराहे से थोड़ा आगे हाईवे रोड की तरफ एक पिकअप आई हुई दिखाई दी, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस की गाड़ी को देख पिकअप में सवार तस्कर गाड़ी को मौके पर छोड़ कारूण्डा की और पैदल-पैदल भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा भागने वाले दोनों व्यक्तियों का पीछा किया, लेकिन तस्कर अंधेरे में पहाड़ी व खड्डे में होते हुए नजरों से ओझल हो गए। पिकअप की तलाशी में पुलिस को तस्करों का एक मोबाइल एवं 19 कट्टों में भरा 325 किलो अवैध डोडा चूरा मिला। अवैध अफीम डोडा चूरा, पिकअप एवं मोबाइल जब्त कर एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश की जा रही है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आसाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीफए टीम के हैड कांस्टेबल महावीर सिह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल सोहन यादव व कांस्टेबल मनोज यादव का सराहनीय योगदान रहा। थाना छोटीसादड़ी से एसएचओ तेजकरण सिंह मय टीम के शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चाकू चोपकर महिला की हत्या

**नवादा।** नवादा में एक महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। धारदार हथियार से महिला के शरीर व पैर पर वार किया गया है, जिसके बाद इलाज की क्रम में महिला की मौत हो गई है। मृतका रजौली थाना क्षेत्र के मुरैना गांव के विनोद चौधरी की पत्नी कलावंती देवी हे गई। मृतक के पति ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पति विनोद चौधरी ने बताया कि जमीन की विवाद काफी लंबे समय से चल रही है। कुछ दबंग लोगों के द्वारा जमीन छोड़ देने के लिए कहा जा रहा था और पूर्व में भी विवाद हुआ था। आज 5 से 6 की संख्या में रहे लोगों के द्वारा मेरी पत्नी की हत्या कर दी गई है। जख्मी हालत में रजौली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर किया गया था। नवादा में इलाज के बाद पावापुरी की मेडिकल अस्पताल रेफर डॉक्टर ने कर दिया था। इसी दौरान जाने से पहले ही मेरी पत्नी ने नवादा सदर अस्पताल में ही दम तोड़ दी है। मौत की खबर मिलते ही मृतका के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मृत महिला की शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार की गई है।

### वार्षिक शिव गुरु महोत्सव का आयोजन

**सहरसा।** अंचल क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव मंदिर नकुलेश्वर महादेव मंदिर नाकुच गेमरहो में रविवार को 30 वां वार्षिक शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें भगवान शिव की शिष्यता से मानवीय गुणों में बदलाव की बात कही गई। शिव के शिष्य एवं शिष्याओं को सम्बोधित करते शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि जब समष्टि से सिमटा हुआ आदमी मूल मानवीय गुणों से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि निवर्तमान काल में लोगों ने शिव को अपना गुरु मानकर अनुपम ख्याति प्राप्त किया।साथ ही परम चेतना से उसका ऐक्य सुनिश्चित करते हैं।उन्होंने कहा कि शिव से शिष्य के रुप में ज्ञानार्जन करने वालों की संख्या नही के बराबर है।उन्होंने कहा कि शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी का यह संवाद कि शिव मेरे गुरु है आपके भी हो सकते हैं को लेकर वे बघवा के गुरु भाईओं के साथ 17 नवम्वर 1995 में नाकुच शिव मंदिर पर पहुंचे।जहां एक साथ 85 लोगों को भगवान शिव के गुरु सत्ता से जोड़कर यथार्थ में शिव शिष्यता को धारित कर दुसरों को भी शिव गुरु के दया की आश्रय में रहने के लिए पिछले 29 वर्षो से महोत्सव का अनवरत आयोजन करते आ रहे हैं।जो शिव शिष्यता को प्रत्यक्ष में प्रमाणित करता है।

### विभिन्न मांगों को लेकर खेल शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**भागलपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ के बैनर तले खेल शिक्षों ने रविवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड मैदान में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान खेल शिक्षकों ने समान काम समान वेतन, सिर्फ 8000 वेतन में इज्जत ना सम्मान कैसे चलेगा घर परिवार सहित कई तरह के नारे भी लगा रहे थे। खेल शिक्षकों की मांग है कि हम लोग को इस महंगाई के दौर में 8000 हजार रुपया वेतन दिया जाता है। हम लोगों से भी चुनाव में ड्यूटी और जनगणना में ड्यूटी सरकार के द्वारा लिया जाता है। जब हम लोग अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करते हैं तो हम लोग के ऊपर लाठी बरसाया जाता है। इस बार विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। आज की प्रदर्शन में अभय कुमार मिश्रा, प्रभात रंजन, मणि भूषण शर्मा सहित कई खेल शिक्षक मौजूद थे।

### कैन नॉट हाइड द पेन - रेन का नया गाना रिलीज हुआ



**कोलकाता।** एक शानदार उद्घाटन समारोह में, उभरते कलाकार रेन ने अपने पहले एकल कैन्ट हाईड द पेनसंगीत वीडियो जारी किया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और उनके संगीत करियर में एक प्रमुख माइल स्टोन साबित हुआ। प्रेम, विरह और मानव मन के अदम्य साहस पर आधारित इस गहन सार्थक रचना ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। संगीत वीडियो के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्यों और रेन के दिल छू लेने वाले गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और बड़े पैमाने पर सराहना बटोरी है। गाने की मनमोहक धुन और कलात्मक प्रस्तुति ने श्रोताओं पर गहरी छाप छोड़ी, जिससे संगीत के माध्यम से कच्ची भावना व्यक्त करने की रेन की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। समारोह में भावुक स्वर में रेन ने अपना आभार व्यक्त किया: यह गीत उस संघर्ष का प्रतिबिंब है, जिसे हम अक्सर मौन में सहते हैं। संगीत के माध्यम से मुझे अपनी गहरी भावनाओं को व्यक्त करने और उन लोगों के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है जो उसी दर्द से गुजर रहे हैं। यह सिर्फ मेरी यात्रा की शुरूआत है, और मैं परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के समर्थन से अभिभूत हूं।

### दो बसों की टक्कर में 29 घायल

**कोलकाता।** अलीपुरद्वार जिले के मस्जिदखाना के चलतातला इलाके में रविवार सुबह दो बसों की टक्कर में करीबन 29 लोग घायल हो गये। घटना असम की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 31सी पर हुई। दोनों बसें असम जा रही थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत बदहाल होने के कारण यह हादसा हुआ। सड़क पर गड्ढा देख आगे वाली बस ने जोर से ब्रेक लगाया। उसी समय पीछे वाली बस आगली बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। इस घटना में 29 लोग घायल हो गए।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

एजेंसी




**पूर्वी चंपारण।** जिले के अलग-अलग दो जगहों पर सड़क दुर्घटना में तीन की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शनिवार की रात घने कुहासे के बीच घटित हुई है। पहली घटना पिपरा थाना क्षेत्र के बखरी बाजार एनएच 27 की है,जहां एक बाइक पर सवार 3 लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी बीच घने कुहासे के कारण अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल तीनो को पुलिस ने स्थानीय लोगो के सहयोग से चकिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जिसमे दो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे को गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर रेफर किया गया,जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र की महुअल गांव के 45 वर्षीय नंद किशोर प्रसाद कुशवाहा और 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है,जबकि गंभीर रूप से घायल छह वर्षीय किशोर जितेंद्र कुमार का बेटा अभिजित कुमार बताया जा रहा है। दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मधुबनी घाट चौक के समीप की है, जहां घने कोहरे के बीच बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ठोकर मार कर फरार हो गया, जिसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में लाया गया।जिसकी रविवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई, मृतक की पहचान मधुबनी घाट निवासी 24 वर्षीय रूप नारायण कुमार के रूप में हुई है।घटना के मृतक के परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एमजीसीयू के चार छात्र एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के लिए हुए चयनित

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के चार छात्रों का चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के लिए हुआ है। इन चारों छात्र का चयन बिहार के 38 जिलों के 3,000 से अधिक आवेदकों के बीच दो-स्तरीय साक्षात्कार प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद किया गया है। चयनित छात्रों में गांधी अध्ययन एवं शांति विभाग के पीएचडी शोधार्थी हैं और गोपालगंज जिला के खजुहट्टी गांव के ऋषभदेव शुक्ल, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बी.टेक द्वितीय वर्ष के छात्र व पूर्वी चंपारण जिला निवासी आदिल लतीफ, बी.टेक चतुर्थ वर्ष की छात्रा व पूर्वी चंपारण जिला निवासी संजना कुमारी व सामाजिक कार्य विभाग की तृतीय सेमेस्टर की छात्रा और बेगूसराय जिला निवासी रूपाली कुमारी शामिल है। उल्लेखनीय है,कि यह कार्यक्रम नवंबर के अंतिम सप्ताह और दिसंबर के पहले सप्ताह के बीच कर्नाटक के आईआईटी धारवाड़ में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान चयनित छात्र बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेंगे। प्रो. संजय श्रीवास्तव ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा, कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से यह सम्मान अर्जित किया है।

## अवैध हथियार तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना रियाजुल शेख विदेशी हथियार के साथ गिरफ्तार

एजेंसी



**अररिय।** जिले की फारबिसगंज थाना पुलिस ने अन्तर प्रांतीय स्मैक एवं अवैध हथियार तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के रहने वाले रियाजुल शेख को स्टेशन के पास स्थित एक लॉज से विदेशी हथियार के साथ गिरफ्तार किया।फारबिसगंज थाना में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।गिरफ्तार रियाजुल शेख के पास से पुलिस ने एक जापान निर्मित रिवॉल्वर,एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ हथियार और स्मैक से संबंधित फोटोग्राफ बरामद किया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले का निवासी रियाजुल शेख,जो अन्तर प्रांतीय मादक पदार्थ स्मैक एवं अवैध हथियार तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना है,फारबिसगंज के किसी होटल में आकर ठहरा हुआ है।जहां वह स्थानीय तस्करों के साथ मिलकर मादक पदार्थों और हथियार की तस्करी का डील कर रहा है। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर पुलिस ने शहर के होटलों और लाज में छापेमारी शुरू की।जिस क्रम में स्टेशन से बाहर चौक पर स्थित सिटी गेस्ट हाउस के कमरा नं0-305 से रियाजुल शेख की गिरफ्तारी की गई।

कमरे की तलाशी के क्रम में रियाजुल शेख के पास से एक रिवाल्वर, मोबाईल आदि बरामद हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद मोबाईल की जांच करने पर मोबाईल में कई फोटोग्राफ में भारी मात्रा में स्मैक और सैंपल के रूप में हथियारों की तस्वीर मिली।गिरफ्तार रियाजुल शेख ने पूछताछ के क्रम में सीमांचल में हथियार और स्मैक के बड़े कारोबारियों से संपर्क कर पश्चिम बंगाल के मालदा से अपने मुख्य सरगना से स्मैक एवं हथियार का डिलीवरी लाकर करवाने की बात स्वीकार की।साथ ही पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार मुख्य सरगना ने पुलिस के समक्ष कई महत्वपूर्ण खुलासे भी किये।

मामले को लेकर फारबिसगंज थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मालदा के कलिकापुर ठाकुरपारा कलियाचक निवासी मो. रियाजुल शेख, पिता-अब्दुल सत्तार शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।एसडीपीओ ने मादक पदार्थ और हथियार तस्करी को लेकर बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को खंगालने की बात करते हुए अनुसंधान करने की बात कही।

## जी डी बिड़ला सेंटर ऑफ एजुकेशन में झूलन गोस्वामी के साथ टीएसके 25के का स्कूल सक्रियण कार्यक्रम

संवाददाता



**कोलकाता।** जी डी बिड़ला स्कूल के लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने इस दिन टीएसडब्ल्यू 25के के साथ दूरी दौड़ को बढ़ावा देने के लिए फिटनेस प्रशिक्षण और जुम्बा में भाग लिया, जिसमें क्रिकेट आइकन झूलन गोस्वामी ने उन्हें स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

सड़क दौड़ सभी बड़े शहरों में आम बात है और प्रोकैम इंटरनेशनल के लिए यह सम्मान और सौभाग्य की बात है कि वह कोलकाता शहर में टाटा स्टील वर्ल्ड 25ङ के साथ दौड़ आंदोलन की शुरूआत कर रहा है, जिसका आयोजन पश्चिम बंगाल एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार 15 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।

झूलन गोस्वामी, टीएसके 25डब्ल्यू रत्न, 2024 ने बाल दिवस के अवसर पर जीडी बिड़ला स्कूल का दौरा किया और छात्रों में स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की गयी। लॉर्ड्स तक की अपनी प्रेरक यात्रा के बारे में बात करते हुए, उन्होंने अपने साहस, समर्पण, अनुशासन और बलिदान की असाधारण कहानियों से शिक्षकों और छात्रों को समान रूप से अभिभूत कर दिया। उन्होंने अपने लंबे और उतार-चढ़ाव भरे करियर के दौरान फिट रहने के लिए दौड़ने के महत्व के बारे में भी बात की।

झूलन गोस्वामी ने कहा,आज के युग में, फिटनेस और खेल, किसी के मन और शरीर की भलाई के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, खासकर छात्रों के लिए। आपने जो भी लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प, अनुशासन और दृढ़ता बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसके लिए स्वस्थ मन और फिट शरीर बनाए रखने की आवश्यकता है। नकारात्मकता को अपनी प्रेरणा के रूप में उपयोग करें और सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से इसे बदलें। दौड़ना सभी खेलों का मूल है और यह आपके शरीर से विषाक्तता को दूर करने का सबसे आसान तरीका है। अपने लक्ष्य की ओर दौड़ते रहें।प्रोकैम इंटरनेशनल के क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत साहा ने कहा, टीएसके 25के खेलों में सामूहिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के लिए विजय दिवस ट्रॉफी का आयोजन करके हमारे बहादुर जवानों को सलाम करता है।

जी डी बिड़ला स्कूल के प्रिंसिपल श्री क्रेग एंथनी लुकास ने कहा, मुझे लगता है कि मैराथन अब दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय हो रही है। लोग बस दूरी की दौड़ का हिस्सा बनने के लिए तरस रहे हैं। इसे इतना रंगीन, जीवंत, आनंददायक कार्यक्रम बना दिया गया है कि कोई भी वास्तव में दूरी के बारे में नहीं सोचता।

### 50 लाख सदस्य नहीं होंगे तो बैठक में 'नो एंट्री', बंगाल बीजेपी को दिल्ली से सख्त संदेश

संवाददाता

**कोलकाता** । अगर 50 लाख सदस्य नहीं कर पाएंगे 20 नवंबर को दिल्ली में सदस्यता समीक्षा बैठक में बंगाल बीजेपी नेताओं की 'नो एंट्री'। केंद्रीय नेताओं से इतना कड़ा संदेश मिलने के बाद बंगाल बीजेपी के नेता काफी परेशान हैं। बंगाल बीजेपी के एक बड़े हिस्से को लगता है कि 1 करोड़ सदस्यों के लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं है। पद्म शिबिर का कल्घम लक्ष्य सदस्यों में से आधे को इकट्ठा करने के लिए दौड़ रहा है।

एक माह में एक करोड़ का लक्ष्य था। यानी नवंबर महीने तक 1 करोड़ सदस्यों का लक्ष्य पूरा करना। सदस्यता संग्रह के प्रभारी भाजपा के केंद्रीय सचिव ऋतुराज सिंह ने निराशा व्यक्त की है कि बंगाल में सदस्यता अभियान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इसके बाद 20 नवंबर को सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली में होने वाली केंद्रीय बीजेपी की समीक्षा बैठक में बंगाल बीजेपी को 50 लाख सदस्य बनाने की बात कही गई थी। हालात से निपटने के लिए राज्य के नेताओं ने आनन-फानन में बैठक की।

10 नवंबर को पूरे राज्य में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। विशेष अभियान 17 नवंबर को भी जारी रहेगा। 27 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साल्ट लेक में एक समारोह में बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। उस दिन राज्य भर में 35,000 से अधिक सदस्य एकत्र हुए थे। लेकिन उसके बाद रोजाना औसतन 17 से 18 हजार सदस्य बने। 10 नवंबर को विशेष सदस्यता अभियान में 73,000 से कुछ अधिक सदस्य बनाये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक, दक्षिण बंगाल के हर जिले में औसतन 20,000 सदस्य जुटाए गए हैं। और उत्तर बंगाल में प्रति जिला औसतन 40 हजार।

## पशु तस्करी पर रोक लगाने की मांग,बलि के लिए न हो पशुधन का उपयोग : आचार्य प्रशांत

एजेंसी



**सहरसा।** नेपाल के सीमावर्ती इलाके में काली पूजन की प्रथा सर्वव्यापत है।इन्हीं में काली के स्वरूप गढ़ीमाई मंदिर प्रसिद्ध देवस्थान है । यह बिहार के सीमा से सटे नेपाल के बारा जिले वरियारपुर में स्थित है। प्रत्येक पांच साल के विश्वप्रसिद्ध बलि का मेला यहां लगता है जिसमें हजारों की संख्या में पशु काटे जाते हैं।इस मेले में सर्वाधिक पशु इन्हीं बिहार के सीमा से पूजा के नाम पर और पूजा में बलि के लिए तस्करी करके भेजे जाते हैं।इस पर रोक लगाने के लिए ह्यूमेन सोसायटी इंटरनेशन ने मुहिम चलाया है।जिसके अंतर्गत गढ़ीमाई मंदिर में बलि पर रोक लगाने की अपील की गई।

आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रशांत, ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल (इंडिया), पीपल फॉर एनिमल ने पशु बलि पर रोक लगाने के लिए एक सार्थक मुहिम चला रहे हैं। मुक पशु पक्षियों को चढ़ावा या बलि के रूप में देवता को समर्पित करने की प्रथा कहीं न कहीं अंधविश्वास से भी जुड़ी हुई है।धर्म की सत्ता और बलि की वास्तविकता व इसके तर्कसंगत अर्थ पर प्रकाश डालते हुए आचार्य प्रशांत ने कहा कि यह सनातन से जुड़ी नहीं है, बल्कि यह एक अधार्मिक कृत्य है। ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल (इंडिया) की प्रबंध निदेशिका आलोकपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि नेपाल में गढ़ीमाई उत्सव में हजारों पशुओं की बलि पर रोक लगाने में सोसायटी के सामूहिक प्रयास को आंशिक सफलता मिली है।यहां अधिकांश पशु बिहार से भेजे जाते हैं, जिस पर बिहार सरकार से मदद मांगी गई है।पीपल फॉर एनिमल की ट्रस्टी गौरी मौलेखी ने कहा कि मुक पशुओं की बलि से देवता की प्रसन्नता आज की विकसित मानवीय जीवन में कदापि प्रसांगिक नहीं है।उसकी जगह पर नारियल, कद्दू का चढ़ावा ज्यादा श्रेयकर है।प्रत्येक पांच सालों के बाद गढ़ीमाई मंदिर परिसर का रक्त रंजित प्रक्षेत्र कई तरह के कीटाणुओं और वायरस का क्षेत्र भी बन जाता है। जिससे हर वक्त बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। सोसायटी इस संदर्भ में जन जागरण के कार्यक्रम भी चलाती रही है और स्थानीय नागरिकों को पशु हत्या के निषेध के लिए प्रेरित भी करती है।ज्ञात हो कि यहां प्रत्येक पांच साल बाद लगने वाले मेले में हजारों की संख्या में भैंस, भेड़,बकरी, मुर्गा, सूअर, कबूतर,हंस, चूहा की बलि दी जाती है। जिससे पूरा क्षेत्र जानवरों के रक्त और मृत शरीर से भर जाता है। इनसे उढती सरांध से सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। यह अपने आप में एक हृदय विदारक दृश्य उपस्थित करता है।इस संदर्भ में आचार्य प्रशांत, मेनका गांधी, ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल, पीपल फॉर एनिमल्स की ओर से बिहार सरकार के मुख्य सचिव को एक पत्र भी सोपा गया, जिसमें सीमा पर अवैध पशुधन के तस्करी पर रोक लगाने की भी मांग की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### ड्यूटी के दौरान सब इंस्पेक्टर की बिगड़ी तबियत

**बेमेतरा।** एक सब इंस्पेकटर की आज रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ गयी, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सब इंस्पेक्टर की मौत हो गयी। सब इंस्पेक्टर का नाम जयराम गंगबर है। जानकारी के अनुसार जिले के चर्चित ग्राम बिरनपुर सहायता केंद्र में एसआई की पोस्टिंग थी। सुबह पुलिस सहायता केंद्र ड्यूटी के दौरान सीने में उसने दर्द की शिकायत की, जिसके बाद वो बेहोश हो गया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा लाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि की।

### नवविवाहिता नशीला पदार्थ खिलाकर फरार

**सोनीपत।** सोनीपत के खरखौदा में शादी के दूसरे ही दिन दुल्हन अपने सास और पति को बेसुध कर घर से नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित संजय ने बताया कि उनका परिवार मजदूरी करता है। छोटे भाई मंजीत की उम्र 31 वर्ष हो चुकी थी, लेकिन शादी नहीं हो रही थी। खरखौदा के एक व्यक्ति देवेंद्र ने पल्लवी निवासी आदर्श नगर, बिजनौर से रिश्ता कराया। 13 नवंबर को हरिद्वार में हिंदू रीति-रिवाज से मंजीत और पल्लवी की शादी हुई। 15 नवंबर की रात पल्लवी ने परिवार के लिए चाय बनाई।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**जींद।** हांसी रोड पर रेलवे फाटक के निकट बीती रात रेलगाड़ी की चपेट में आने से 22 वर्षीय राज मिस्त्री की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रविवार को मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। रेलवे पुलिस को रात को सूचना मिली थी कि हांसी रोड रेलवे फाटक के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया।

### हरिद्वार में बच्चों ने मधुमेह के खिलाफ रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश



**हरिद्वार।** विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में आज रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप के बच्चों ने डायबिटीज वॉक और ब्रेन गेम्स खेलकर मधुमेह को हराने के लिए लोगों को जागरूक किया। पौष्टिक खाना खाना है मधुमेह को हराना है, रोज दौड़ लगाना है मधुमेह हराना है, जैसे नारों के साथ बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानन्द ने कहा कि चार साल से लेकर 30 साल के युवा भी इस डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप में जुड़े हैं। हम इन्हें डायाचैंप कहते हैं, क्योंकि इन्होंने अपनी टाइप वन डायबिटीज को हराकर एक आम व्यक्ति जैसा स्वस्थ जीवन जीना सीख लिया है।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार की रात ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। थाना टूंडला क्षेत्र के गांव जाजपुर निवासी श्रवण अपने ही गांव के उपेन्द्र के साथ मोटरसाइकिल द्वारा फिरोजाबाद किसी कार्य से गया था। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शनिवार रात वापस घर लौट रहे थे। बाइक जैसे ही थाना टूंडला क्षेत्र के हाइवे स्थित हजरतपुर फैक्ट्री के समीप पहुंची तभी अचानक तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी।

### जींद में महिला के गले से सोने की चेन झपटी

**जींद।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक युवक ने महिला के गले से चेन झपट ली और बाइक स्टार्ट कर खड़े अपने दूसरे साथी के साथ फरार हो गया। वारदात घर के पास लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खड़े ट्रेलर में बेकाबू ट्रक भिड़ा, दो की मौत

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में रामादेवी नौबस्ता बाईपास के समीप हाईवे के ऊपर कोयला नगर में रविवार भोर पहले से खड़े ट्रेलर में पीछे से एक ट्रक जा भिड़ा। हादसे में खड़े ट्रेलर के खलासी समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम दोनों शवों को कब्जे लेकर विधि कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी सूचना दोनों मृतकों के परिवार को दे दी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण ने बताया कि हादसे में हमीरपुर जनपद के मुस्काराबाद थाना क्षेत्र के भिवानी गांव निवासी बबलू पुत्र इमरता और बिहार के रोहतास जनपद के गोरई थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी उपेंद्र कुमार सिंह पुत्र राम सकल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

# हर नागरिक को सुलभ और बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने निरंतर कर कार्य कर रही सरकार : डॉ. मोहन

## मुख्यमंत्री 21 नवंबर को करेंगे उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

**भोपाल। एजेंसी**



- प्रदेश में एम.बी.बी.एस. सीटें भी 720 से बढ़कर 2,575 हो गई हैं
- योजनाएं प्रदेश को चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से ही सुदृढ़ होगी। प्रधानमंत्री मोदी के विचार को साकार करने के लिए राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में 21 नवंबर को एक और इतिहास रचने की ओर प्रदेश अग्रसर है जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे, जो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। इससे उज्जैन और आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने है कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। प्रदेश में एम.बी.बी.एस. सीटें भी 720 से बढ़कर 2,575 हो गई हैं। श्योपुर, सिंगरौली, मंडला और राजगढ़ में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ छतरपुर, दमोह और बुधनी में स्ववित्तीय अनुदान से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही 12 अन्य जिलों में सार्वजनिक जनभागीदारी नीति के तहत मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से एम.बी.बी.एस. सीटों में 2,000 से अधिक की वृद्धि होगी। भोपाल और ग्वालियर में अस्पताल की बेड कैपेसिटी को 2,500 तक बढ़ाने के साथ-साथ इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबलपुर में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन और इंदौर में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई जैसी योजनाएं प्रदेश को चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14 मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। वर्तमान में 24 शासकीय नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जो जल्द ही 37 हो जाएंगे। प्रदेश में 250 पैरामेडिकल कॉलेजों में लगभग 25,000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही, मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि ये जिला अस्पतालों के समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें।

### हिमाचल सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का किया विस्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना को विस्तार प्रदान करते हुए परित्यक्त और सरेंडर बच्चों को भी इसके दायरे में शामिल किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि वर्तमान में यह योजना प्रदेश के छह हजार अनाथ बच्चों को लाभ पहुंचा रही है। अब यह योजना विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे परित्यक्य बच्चों की सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि परित्यक्त बच्चों से तात्पर्य ऐसे बच्चों से है जिनके जैविक या दत्तक माता-पिता, अभिभावकों ने उनका त्याग कर दिया है, जबकि सरेंडर बच्चों में वह बच्चे शामिल हैं जिनका माता-पिता या अभिभावकों ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कारणों से त्याग किया है। इन बच्चों को इस योजना के तहत लाभान्वित करने से उनका सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। उनकी मानसिक, आर्थिक, सामाजिक एवं भावनात्मक आवश्यकताएं भी पूर्ण होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तारित मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत जिलों में बाल कल्याण समितियां पात्र बच्चों को प्रमाण पत्र जारी करेंगी।

### युवक को अज्ञात बदमाशों ने मारी चाकू

**देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात घर से बुला कर एक युवक की अज्ञात बदमाशों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। घर वालों ने सड़क हादसे में घायल होने पर समझ कर गोरखपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले कर गए। जहां डाक्टर ने चाकू लगने से मौत की बात कहीं। परिवार के लोगों को यह बात सुनते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। एकौना थाना क्षेत्र के हौली बलिया के रहने वाले विशाल सिंह (35 ) पुत्र विनीत सिंह जो सामाजिक कार्यों में भूमिका को लेकर काफी सक्रिय था। घर वालों के अनुसार, शनिवार की रात उसे किसी ने घर से बाहर बुलाया। कुछ देर बाद रुद्रपुर करहकोल मार्ग पर घायल मिला। परिजन उसे सड़क हादसे में घायल होने पर गोरखपुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले कर गए। जहाँ डॉक्टर ने युवक के सीने में चाकू लगने की बात बताई। घटना का कारण परिजन अभी स्पष्ट नहीं बता पा रहें हैं। घटना स्थल का अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र चौधरी और सीओ ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दिया। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस जांच में जुटी हैं ।

## नेतन्याहू के आवास पर फिर हमला, दो फ्लैश बम दागे

**तेल अवीव। एजेंसी**




इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी इजरायली शहर कैसरिया स्थित निवास की ओर दो फ्लैश बम दागे गए जो बगीचे में गिरे। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। शनिवार शाम सुरक्षा निकायों की तरफ से दिए गए संयुक्त बयान में बताया गया है कि घटना के समय नेतन्याहू और उनके परिवार के सदस्य घर में मौजूद नहीं थे। घटना की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। इजराइल ने गंभीर हरकत करार देते हुए हमलावरों को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। दी टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक राष्ट्रपति इसहाक हजोग ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि घटना की जांच चल रही है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने एक्स पोस्ट साझा कर कहा कि सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने भी एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई सभी सीमाओं को पार कर गई है। आज रात उनके घर पर फ्लैश बम दागना एक और लाल रेखा को पार करने जैसा है। कैसरिया में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर की ओर ड्रोन लॉन्च किया गया था, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ। हमले को लेकर इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान के प्रॉक्सी हिज्बुल्लाह ने कैसरिया शहर में उनके घर की तरफ ड्रोन से हमला कर उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश की थी।

### पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा हाईवे लूट गैंग का सरगना

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़-अम्बाला मुख्य मार्ग पर स्थित गांव लेहली के पास रविवार की सुबह मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने उसके पास से पिस्तौल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को ट्वीट कर बताया कि गांव लेहली के पास पुलिस और हाईवे लुटेरों के गिरोह के सरगना सतप्रीत सिंह उर्फ सत्ती के बीच हुई मुठभेड़ हुई। अपराधी सतप्रीत सिंह ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली सतप्रीत सिंह के लगी। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी यादव ने बताया कि यह गिरोह अंबाला-डेराबस्सी हाईवे पर सक्रिय था और पंजाब एवं हरियाणा में कई डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुका था। गिरोह ने 3 और 10 नवंबर की रात को हाईवे पर दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था। इन वारदातों में बंदूक के दम पर नकदी, मोबाइल फोन और सोने के गहने लूट लिए गए थे।

## एसडीएम को थप्पड़ मारने जैसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं : शेखावत

**उदयपुर। एजेंसी**



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देवली-उनियारा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एसडीएम को थप्पड़ मारने की घटना को निंदनीय बताया। रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में शेखावत ने कहा कि ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं। सबको इसकी निंदा करनी चाहिए और कानून सम्मत कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।

शेखावत ने कहा कि कार्यपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुने गए प्रतिनिधि हम सब एक ही गाड़ी के पहिए के रूप में मिलकर काम करेंगे तो बेहतर काम हो सकता है। हमारे वैचारिक या कार्य प्रकृति को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस तरह के कृत्य लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे पर शेखावत ने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति में अगर हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से बंटेंगे भी और कटेंगे भी। भारत का पिछला 1500 साल पुराना नक्शा उठाकर देख लीजिए, जहां-जहां बंटे हैं, वहां-वहां हम कटते गए। इसलिए हम नहीं बंटे, संगठित रहें। ये नारा नहीं विचार है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि 'बटेंगे तो कटेंगे' कहीं से हिंदू-मुस्लिम विषय नहीं है।

भारत के इतिहास के दृष्टिकोण से देखें तो जिस क्षेत्र में भारत में हिंदू जनसंख्या कम हुई है, वो हिस्सा भारत से कटा है, चाहे अफगानिस्तान हो, पाकिस्तान हो।

## बाइडेन व जिनपिंग के बीच अमेरिका-चीन संबंधों पर वार्ता

**लीमा। एजेंसी**



पेरू में वार्षिक एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। जिनपिंग ने मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ अपनी आखिरी मुलाकात में नए अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मिलकर काम करने की बात कही। दोनों नेताओं की सम्मेलन से इतर हुई इस अहम बैठक में जिनपिंग ने कहा कि चीन नए डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन की सरकार संचार बनाए रखने, सहयोग बढ़ाने और मतभेद कम करने के लिए काम करेगी। दोनों नेताओं के बीच परमाणु हथियारों के नियंत्रण को लेकर भी चर्चा हुई। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने एआई तकनीक को सैन्य क्षेत्र में जिम्मेदारी से विकसित करने और इसके जोखिमों को सावधानी से समझने पर सहमति जताई। बैठक में आपसी व्यापार और ताइवान के मुद्दे पर तनाव कम करने को लेकर भी चर्चा हुई। चीन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, जिनपिंग ने अमेरिका में हो रहे बदलावों के मुद्दे पर बात की और कहा कि उनका लक्ष्य दोनों देशों के बीच स्थिर, स्वस्थ और टिकाऊ रिश्ते बनाए रखना है।

### पुलिस की गिरफ्त में आए दो झपट्टामार

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने दो झपट्टामारों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से मोबाइल बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक अमर कॉलोनी निवासी गली नंबर 10 सुभाष नगर ज्वालापुर निवासी भावेश कुमार पुत्र प्रमोद झा ने पुलिस को तहरीर देकर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके भांजे से मोबाइल छीन कर ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले। पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया, जिसके चलते पुलिस ने दो आरोपितों को नहर पटरी रेगुलेट पुल के पास से धर दबोचा। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते साहिल व अतहर निवासीगण मोहल्ला मैदानियन निकट मंडी का कुआं कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार बताए। बताया कि वे पड़ोसी हैं और सिडकुल में एक कंपनी में कार्य करते हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए वे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीना गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

## हरियाणा के खिलाड़ियों ने बढ़ाया हमेशा तिरंगे का मान : नायब सैनी

**चंडीगढ़। एजेंसी**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमेरिका के कोलोराडो शहर में आयोजित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंडर-19 श्रेणी में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विजेता हेमंत सांगवान को वर्ष 2028 ओलंपिक की लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गुरूग्राम के सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई इस मुलाकात में हेमंत के कोच हितेश देशवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हेमंत सांगवान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हरियाणा में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की नीतियों का आज अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर किसी भी प्रकार की खेल गतिविधियां हो, उनमें हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हमेशा आकर्षण का मुख्य बिंदु रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने हमेशा तिरंगे का मान रखते हुए देश का मस्तक ऊंचा रखा है। उन्होंने कहा कि वे पूर्ण रूप से आश्वस्त है कि आगामी ओलंपिक खेलों में भी हरियाणा के खिलाड़ी और अधिक मेडल लाकर देश का मान बढ़ाएंगे।

झज्जर के रामनगर निवासी विजेता खिलाड़ी हेमंत सांगवान ने मुख्यमंत्री को यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की जानकारी देते हुए बताया कि यह चैंपियनशिप 23 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच अमेरिका के शहर कोलोराडो में आयोजित की गई थी। जिसमें देश के 19 खिलाड़ियों सहित विभिन्न श्रेणी में विश्वभर के खिलाड़ी शामिल हुए थे।

**राजनीति** › सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को जनता तक पहुंचाकर योजनाओं का लाभ दिलाने में भी मदद कर रही भाजपा कार्यकर्ता

## संगठन को मजबूत करना ही सदस्यता अभियान का मकसद : मोहनलाल

- चुनाव के समय निष्ठा बदलने वालों को पटका पहनाकर नहीं किया जाएगा भाजपा में शामिल

**हिसार। एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने कहा है कि पार्टी की ओर से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जनता का हर वर्ग पार्टी के सदस्यता अभियान में रूचि दिखाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहा है। प्रदेश के 20 हजार 600 से अधिक बूथों पर सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक रविवार को यहां के सुशीला भवन में सदस्यता अभियान बारे बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गद्दा भेंट करके प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, विधायक विनोद भ्याना व रणधीर पनिहार, अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री अनूप धानक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नए सदस्य छह वर्ष के लिए बनाए जा रहे हैं। पार्टी ने सदस्यता फार्म के साथ पूरा ब्यौरा दिया है ताकि सदस्य बनने वाला पहले पूरी जानकारी लेकर सदस्यता ग्रहण करें। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान जो लोग पार्टी छोड़ गए थे, उन्हें हम पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल नहीं कर रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकताओं की पार्टी है और चुनाव के समय निष्ठा बदलने वाले लोगों के लिए अब कोई जगह पार्टी में नहीं है। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के निर्देशानुसार पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग हैं जो चुनाव के वक्त पार्टी छोड़ गए थे वे अब वापिस आना चाहते हैं लेकिन संगठन का यह फैसला सही है कि उन्हें पटका पहनाकर फिर से पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जिले में चल रहे सदस्यता अभियान का पूरा ब्यौरा दिया। अब तक 50 हजार सदस्य बन चुके हैं और हमें उम्मीद है कि हम जिले में चार लाख नए सदस्य बना लेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। इनमें पहले नंबर पर सदस्यता अभियान के जिला सह संयोजक डॉ. वैभव बिदानी रहे, जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया और उनके कार्य की प्रशंसा की। इसके अलावा विधायक रणधीर पनिहार, अजीत व आशीष जोशी को भी प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मानित किया।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में उपरोक्त नेताओं के अलावा कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष जोशी, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, नेहा धवन, संदीप आजाद, राजेन्द्र सपड़ा, अनुसूचित जाति मोर्चा से राजकुमार इंदौरा, युवा मोर्चा से हर्ष बामल, ओबीसी मोर्चा से गोल्डी सैनी, किसान मोर्चा से कुलदीप डेलू, महिला मोर्चा से सुनीता रेड्डू सहित जिला पदाधिकारी व मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम की अध्यक्षता में आज होगी आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक

**जगदलपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक सोमवार 18 नवंबर को चित्रकोट में होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री साय बस्तर को 265 करोड़ 22 लाख की लागत के 115 विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसमें लगभग 138 करोड़ सात लाख रुपये की लागत वाली 55 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 127 करोड़ 15 लाख 46 हजार लागत राशि के 60 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। लोकार्पण के तहत लोक निर्माण विभाग बस्तर संभाग 1 के द्वारा जगदलपुर बाईपास मार्ग, तोकापाल से करंजी मार्ग, छोटेदेवड़ा से आवराभाटा पाहुरबेल मार्ग, परपा में खनन से प्रत्येक प्रभावित व्यक्तियों हेतु आजिविका संवर्धन एवं प्रशिक्षण केंद्र भवन, स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमपुरा व दरभा सहित अन्य विकास कार्य की 78 करोड़ 67 लाख 93 हजार रुपये की लागत से 14 निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग बस्तर संभाग क्रमांक 2 के द्वारा सोरगांव से जामगांव मार्ग, भैंसगांव ठोटीपारा से अलवाही मार्ग, गुलपुर से गुटीगुडापारा मार्ग, भानपुरी नवीन तहसील कार्यालय सहित 32 करोड़ 46 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 13 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भरसागुड़ा से पखनाकोंगेरा ने 5 करोड़ 68 लाख 23 हजार रुपये की लागत से एक वृहद पूर्ण निर्माण कार्य आदि विकास कार्य का लोकार्पण करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नयीं हज पॉलिसी के तहत हज यात्रियों को देने होंगे 50 हजार अधिक

- **हज यात्रियों के किराए में वृद्धि करने की अपेक्षा रियायत करनी चाहिएः कुरैशी**

**चमकता राजस्थान। जयपुर /कोटा (खलील कुरैशी)।** नई पॉलिसी के तहत हज यात्रा 2025 के लिए जाने वाले हज यात्रियों को इस बार 50 हजार रुपए तक अधिक देने होंगे। इस पॉलिसी से अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। हज कमेटी राजस्थान के सदस्य सोनू कुरैशी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, भारतीय हज समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और कहा कि हम लगातार हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए रियायत की मांग करते आ रहे हैं जिसपर कोई ध्यान



नहीं दिया, जबकी उल्टा 50 हजार रुपए तक का अतिरिक्त भार डाल दिया जो किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। हज यात्रियों के लिए किराए में वृद्धि करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हज-2025 के लिए यात्रियों को इस बार अधिक राशि खर्च करनी पडेगी, इसकी मुख्य वजह नई हज पॉलिसी में बदलाव के साथ अन्य शुल्कों में बढ़ोतरी है। हाल ही में यात्रियों पहली किश्त के रूप में एक लाख 30 हजार 300 रुपए का शुल्क जमा करवाया हैं।

### नागौर जिले में थाना जायल पुलिस की त्वरित कार्रवाई

- **कहासुनी के बाद सिर में कुल्हाड़ी से वार कर युवक की हत्या के आरोपी को मात्र 12 घंटे में किया गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुरी/नागौर (खलील कुरैशी) 17 नवम्बर।** जायल थाना क्षेत्र के दुगस्ताउ गांव में आपसी कहासुनी के बाद आवेश में आकर युवक की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने के प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर नामजद आरोपी तिलोकराम नायक पुत्र शैतान राम (40) निवासी दुगस्ताऊ को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी नारायण टोगस ने बताया कि दुगस्ताऊ गांव के ही गणेश राम नायक (60) ने राजकीय जेएलएन हॉस्पिटल पर एक लिखित रिपोर्ट दी थी कि शनिवार की शाम करीब 07.00 बजे उसके बेटे रमेश ने गाली गलोच करने पर टोका तो तिलोक राम ने कुल्हाडी से सिर पर वार कर दिया। गंभीर हालत में हम परिवारजन उसे तुरंत जायल अस्पताल ले कर गये, जायल से नागौर रेफर कर दिया। रास्ते में रमेश की मौत हो गई। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एसएचओ जायल मुकेश कुमार वर्मा द्वारा प्रारम्भ किया गया।एसपी टोगस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार एवं सीओ खेमा राम बिजारणिंया के सुपरविजन व एसएचओ मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा तकनीकी अनुसंधान तथा आसूचना संकलन के आधार पर नामजद आरोपी तिलोक राम नायक को रविवार को दुगस्ताऊ से दस्तयाब कर पूछताछ व अनुसंधान के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### कुदायला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनः होगा शुरू : मदन दिलावर




**चमकता राजस्थान।** जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 नवंबर। रामगंजमंडी के कुदायला में बंद पड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद पुनः एक सप्ताह में शुरू किया जाएगा।रामगंजमंडी के विधायक एवं शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शनिवार को कोटा के रामगंजमंडी में कुदायला में कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कोटा स्टोन व्यापारियों ने मंत्री को बताया कि दो वर्ष पूर्व तक कुदायला में जन सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित होता था परंतु दो वर्ष पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एक आदेश जारी कर उसको बंद कर दिया। यह क्षेत्र खान मजदूरों की बहुलता वाला क्षेत्र हैं। छोटे मोटे हादसे यहां आए दिन होते रहते है। ऐसे में कोई घटना होने पर पीड़ित को प्राथमिक उपचार भी यहां नहीं मिल पाता। इसलिए इसे पुनः प्रारंभ किया जाए।मंत्री ने व्यापारियों के आग्रह पर तुरंत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोटा को दूरभाष पर आदेश दिया कि एक सप्ताह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनः शुरू कर दिया जाए।

# आईपीएस किशन सहाय को बीना कारण पुछे ही निलंबन करने वाले अधिकारी उनकी शारीरिक हकीकत से नहीं थें वाकिफ..

## निलंबित आईपीएस सहाय का छलका दर्द.. कहा-रिसते खून के बाद भी नहीं मिली छुट्टी!

## बड़ा सवालः बिमार स्थिति में ही आईपीएस किशन सहाय की झारखंड में चुनाव ड्यूटी में लगाना क्या न्योचित था

चमकता राजस्थान

जयपुर। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किशन सहाय को बीना कारण पुछे ही ड्यूटी से सस्पेंड कर देना कितना न्याय संगत हैं वो जानना अतिआवश्यक है उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में उपचुनाव हुए थे। इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भी इसी दिन मतदान हुआ था। मतदान के दिन ही एक खबर जो सुर्खियों में रही वह थी आईपीएस किशन सहाय के निलंबन की। अपने निलंबन के बारे में आईपीएस किशन सहाय लगातार कहते रहे कि वे जल्दी ही वजहों का खुलासा करेंगे और अब उन्होंने इसकी वजह भी बता दी है। जो वजह आईपीएस सहाय ने बताई है वो मानवीय तौर पर तो जायज लगती है लेकिन शायद ऊंचे पदों पर बैठे जिम्मेदारों को इन आईपीएस का दर्द नहीं सुनाई दिया। आईपीएस सहाय ने पूरे मामले पर स्पष्ट किया कि हाल ही में उनका औरेशन हुआ था और टांके तक पूरी तरह ठीक नहीं हुए थे इसके बावजूद भी वे ड्यूटी पर गए और तीन दिनों तक उनके पैरों पैरों से खून रिसता रहा और अंततः हालात गंभीर हो गए। उन्होंने चुनाव आयोग से छुट्टी की





दरख्वास्त की लेकिन इसकी मंजूरी उन्हें नहीं मिली। इससे पहले भी आईपीएस सहाय की एक पोस्ट सामने आई थी जिसमें उन्होंने लिखा था कि डासाथियों, आप लोग चिन्ता नहीं करें। यह विश्वास रखें कि न तो मैं झूठ बोलता हूं और न ही मेरे दिमाग में बेईमानी आती है। रही बात ड्यूटी की तो जहां मेरी पोस्टिग रही है। वहां का पुलिस स्टाफ व जनता भी जानती है कि मैं ड्यूटी के प्रति कितना समर्पित रहा हूं। वैसे भी पद के कर्तव्यों के साथ साथ रोजाना 100-50 लोग मुझसे मिलने आते हैं या फोन मैसेज से मेरे सम्पर्क में आते हैं। आप सभी लोग भी मुझसे जुड़े हुए हो। वर्तमान कहा ऑपरेशन के बाद टांकों से बार-बार खून आने से हुई तबीयत गंभीर, चुनाव आयोग को सूचना देने के बाद भी नहीं मिली थी छुट्टी

### वरिष्ठ आईपीएस किशन सहाय ने बयान किया दर्द उनकी कहानी उन्हीं की जुबानी

चुनाव आयोग द्वारा मुझे नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया है। पिछले 1 महीने से बीमार था, ऑपरेशन हो रखा था टांके भी नहीं हटे थे फिर भी चुनाव आयोग ने ड्यूटी लगा दी। उसके बाद झारखंड रांची गए तीन दिन ड्यूटी पर रहें लेकिन टांगे में खून आना शुरू हो गया, बार बार खून आने से मेरी तबीयत गंभीर हो चुकी थी उसके बाद चुनाव आयोग को सूचना को दिय लेकिन छुट्टी नहीं मिली। ज्यादा तबीयत खराब होने से ड्यूटी छोडकर जयपुर आकर भर्ती हो गए, चुनाव आयोग को जानकारी देदी मेडिकल रिपोर्ट दे दी उसके बाद भी नौकरी से बर्खास्त किया गया। क्या मेरी जान से बढ़कर चुनाव ड्यूटी की ऐसी स्थिति में आप क्या करते ?निलंबन के बाद पहली बार अब अपने हालातों का किया खुलासा

### सहाय को बिना कारण पूछे ही ड्यूटी से कर दिया गया सस्पेंड

» गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने राजस्थान कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी किशन सहाय को सस्पेंड कर दिया था। मीणा आईजी मानवाधिकार के पद पर उजस्थान पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ड्यूटी झारखंड में लगाई गई थी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव राजस्थान को पत्र भेजा था। चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा– झारखंड विधानसभा चुनाव में किशन सहाय मीणा को गुमला जिले के 67–सिसई, 68–गुमला और 69–बिशुनपुर में पुलिस ऑब्जर्वर (परविक्षक) लगाया था। आयोग की स्वीकृति केबिना 28 अक्टूबर 2024 को किशन सहाय ने ड्यूटी स्थल छोड़ दिया। हालांकि सस्पेंशन से पूर्व सहाय से उनकी अनुपस्थिति के कारण नहीं पूछे गए थे।

# हेरिटेज निगम - जयपुर समारोह का समापन अल्बर्ट हॉल पर आज

## जयपुर लोकरंग उत्सव में दिखेगी राजस्थानी लोकगीतों और नृत्यों की झलक

- **कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू, 150 से ज्यादा कलाकार करेंगे रोचक प्रदर्शन,**
- **लोकगीतों और नृत्यों का होगा ग्रैंड फिनाले**

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** जयपुर स्थापना के 297वें वर्ष पूरे होने पर सोमवार को अल्बर्ट हॉल पर भव्य समापन समारोह जयपुर लोकरंग उत्सव का आयोज किया जाएगा। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम अल्बर्ट हॉल के सामने सायं छह बजे से शुरू होगा। इस संबंध में हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने सभीशहरवासियों को जयपुर स्थापना की शुभकामना देते हुए कहा कि जयपुर स्थापना की 297वीं सालगिरह पर पिछले एक महीने से लगातार परंपरागतसांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे है। सोमवार को शहरवासियों के लिए अल्बर्ट हॉल पर जयपुर स्थापना समारोह का समापन समारोह जयपुर लोकरंग उत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा लोक कलाकार राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देंगे। वहीं राजस्थानी कलाकारों के मध्य जयपुर स्थापना समारोह का ग्रैंड फिनाले भी आयोजित किया जाएगा। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा सुपरस्टार गायक थानू खा भी शानदार प्रस्तुति देंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधि और जयपुर शहर के प्रमुख गणमान्य लोगों का स्वागत सम्मान भी किया जाएगा।



» जयपुर स्थापना दिवस के समापन समारोह में आमजन को राजस्थानी संस्कृति और सभ्यता की छटा नजर आएगी। साथ ही इस दौरान लोक कलाकारो का सम्मान भी किया जाएगा। कुसुम यादव

- **महापौर नगर निगम जयपुर हेरिटेज**

### सामाजिक समरसता रखते हुए भव्य आयोजन

» महापौर कुसुम यादव ने बताया कि 18 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन से जयपुर समारोह की शुरुआत हुई थी। पिछले एक महीने में हेरिटेज निगम ने सामाजिक समरसता रखते हुए कई भव्य कार्यक्रम आयोजिय किए। जिसमें श्याम भजन संध्या, कव्वाली कार्यक्रम, क्रिकेट प्रतियोगिता, हेरिटेज वॉक वे, अंताक्षरी कार्यक्रम, गोरबंद कार्यक्रम, राजस्थानी लोकगीत आयोजन आदि आयोजित किए गए। सभी आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी लोक कलाकारो को मुख्य धारा में लाकर प्रोत्साहित करना और राजस्थानी संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखना है। इन सभी कार्यक्रमों के जरिए जयपुर शहरवासियों को शहर की लोक संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज को पहचानने की अपील की गई। साथ ही शहर को साफ सुथरा रखने और स्वच्छता बनाने के लिए भी जागरूक किया गया।

### पिंकसिटी प्रेस क्लब ने की पत्रकार पर हमलें की कड़े शब्दों में करी निंदा

- **पिंकसिटी प्रेस क्लब पत्रकार सुरक्षा कानून को अमलीजामा पहनाने के लिए सौपेगा मुख्यमंत्री को ज्ञापन**
- **पत्रकारों पर हमला किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं : डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)।** पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर के सभागार में प्रेस क्लब कार्यकारिणी ने प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. विरेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित कर टोंक जिलें के देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के अलीगढ टोल प्लाजा के पास कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमलें की पिंकसिटी प्रेस क्लब ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही हमला करने वाले लोगों की तुरंत गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाई करने, उपकरण नुकसान की क्षतिपूर्ति करने और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। 14 नवम्बर 2024 को पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में पिंकसिटी प्रेस क्लब बैठक का आयोजन किया गया। जहां क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली के नेतृत्व में प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं क्लब सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर आक्रोश जताते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि दोषियों की गिरफ्तारी कर उन पर कठोर कार्यवाही करने की जाएं। साथ ही उपकरण नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाएं। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने अन्य राज्यों की तर्ज पर राजस्थान में भी पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का पुरजोर समर्थन किया। बैठक में तय किया गया कि इसके लिए पहले राज्य सरकार को ज्ञापन सौपा जाएगा। अगर इस मांगों पर सरकार स्तर पर सकारात्मक पहल नही होती है तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस बैठक में क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार एल.एल. शर्मा, क्लब सदस्य संदीप दहिया समैत कई प्रत्रकारों ने अपने विचार रखे। बैठक में क्लब कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज, प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह राजावत,डॉ. मोनिका शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, ओमवीर भार्गव, नमो नारायण अवस्थी, संजय गौत्तम, सिद्धार्थ उपाध्याय समैत सैकडों पत्रकार मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पहुंचे जापान

## टोक्यो में दिन की शुरुआत मंदिर दर्शन से, देवनानी के सम्मान में टोक्यो में हुआ स्नेह मिलन

चमकता राजस्थान।

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 नवम्बर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी रविवार को जापान पहुंचे। देवनानी ने जापान के टोक्यो में दिन की शुरुआत मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना करके की । इस्कॉन मंदिर में आयोजित प्रातः कालीन भजन कार्यक्रम हरे रामा हरे कृष्णा में देवनानी शामिल हुए। देवनानी ने मंदिर में मौजूद प्रवासी भारतीयों से सनातन परंपरा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा आवश्यक है। साथ ही संस्कारवान होना भी जरूरी है ताकि हम बेहतर इंसान बन सके और दुनियाभर में इंसानियत के व्यवहार का प्रसार कर सके। देवनानी के सम्मान में टोक्यो में





हिंदू स्वयं सेवक संघ ने स्नेह मिलन का आयोजन किया। श्री देवनानी ने युवाओं का आव्हान किया कि भविष्य की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को विश्व बंधुत्व की भावनाओं के अनुरूप मानवता, सहिष्णुता, धैर्य जैसे गुणों का जीवन में समावेश करना होगा। देवनानी ने कहा की विश्व बंधुत्व आवश्यक है। समग्र चेतना का जागरण आज की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति को कोई समाप्त नहीं कर सकता है। युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने के लिए सतत प्रयास करने होंगे। हमारे आदर्श, हमारे महापुरुष और हमारी महान संस्कृति हमें सुदृढ़ बनाती है। मानवीय मूल्यों के आचरण से व्यक्ति का कद ऊंचा होता है। देवनानी ऑस्ट्रेलिया में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। देवनानी ऑस्ट्रेलिया में सम्मेलन में भाग लेने के बाद राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेस स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर के बाद जापान की यात्रा पर है। इस अध्ययन यात्रा के दौरान श्री देवनानी इन देशों में भारत के राजदूतों से मुलाकात करने के साथ विधायी निकायों का अवलोकन भी कर रहे हैं। संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर रहे हैं देवनानी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य भी है। देवनानी विभिन्न देशों के विधान मण्डलों के प्रतिनिधि मण्डलों को राजस्थान विधान सभा में किये गए नवाचारों की जानकारी दे रहे हैं। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी इस विदेश यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और सिंधी समाज के प्रबुद्धजन से भी मुलाकात कर रहे हैं। देवनानी ने जापान में टोक्यो स्थित सेंशसूजी टेंपल,ओरेवा में स्टेच्यू ऑफ़ लिबर्टी, रेनबो ब्रिज, टोक्यो टावर और टोक्यो स्काईट्री का अवलोकन किया। देवनानी ने वहां की तकनीक का भी अध्ययन किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929